
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस
हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह
मध्यप्रदेश राजस्थान हरियाणा छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र से प्रकाशित





चीनी रोबोट विवाद के बाद.... 5
सम्पादकीय भारतीय ज्ञान परंपरा और विज्ञान शिक्षा
सालाना 90 लाख होगा कार प्रोडक्शन, 5

डाक पंजीयन क्रं. डीएलपी 1144/2019-21
वर्ष 12 अंक 353 E-mail: dholpur@hotmail.com जयपुर, शुक्रवार 20 फरवरी 2026 ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8

## डिजिटल कंटेंट पर भी ऑथेंटिसिटी लेबल होना चाहिए ताकि फर्क पता चल सके : पीएम मोदी

आर.एन.एस



**नई दिल्ली।** दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के चौथे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एआई के सुरक्षित इस्तेमाल का नया फॉर्मूला दिया।

पीएम ने कहा कि जैसे खाने के पैकेट पर 'न्यूट्रिशन लेबल' होता है, वैसे ही डिजिटल कंटेंट पर भी 'ऑथेंटिसिटी लेबल' होना चाहिए ताकि फर्क पता चल सके।

वहीं, रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने भारत को 'इंटेलिजेंस युग' में ले जाने के लिए 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश का बड़ा एलान किया है।

समिट को आज नरेंद्र मोदी और मुकेश अंबानी के अलावा गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और ओपन एआई के सैम ऑल्टमैन जैसे लीडर्स ने संबोधित किया।

16 फरवरी से शुरू समिट 20 फरवरी तक चलेगी। इसमें आज 110 से ज्यादा देश, 20 से ज्यादा देशों के प्रमुख और करीब 100 सीईओ और फाउंडर्स शामिल हुए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई में भय नहीं 'भाग्य' और भविष्यः पीएम ने स्पष्ट किया कि दुनिया के कई देशों में जहां एआई को लेकर भय का माहौल है, वहीं भारत इसे अपने 'भाग्य' और उज्ज्वल भविष्य के रूप में देख रहा है। भारत इसे अपनी विकास यात्रा का अगला बड़ा टर्निंग पॉइंट मानता है।

दी ने एआई के लिए एक नया ग्लोबल फ्रेमवर्क दिया। उन्होंने कहा कि एआई मोरल (नैतिक), अकांउटेबिल (जवाबदेह), नेशनल सोवरगिंटी (संप्रभुता), एक्सेसबिल (सुलभ) और वेलिड (वैध) होना चाहिए, ताकि यह केवल डेटा पॉइंट न बनकर मानवता के कल्याण का जरिया बने।कंटेंट पर 'ऑथेंटिसिटी लेबल' की जरूरतः पीएम ने सुझाव दिया कि जैसे खाने के सामान पर 'न्यूट्रिशन लेबल' होता है, वैसे ही डिजिटल कंटेंट पर भी स्पष्ट लेबल होना चाहिए।

## अगर सरकार लोगों को फ्री खाना देती रहेगी तो लोग काम क्यों करेंगे : सुप्रीम कोर्ट

आर.एन.एस



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फ्रीबीज कल्चर (मुफ्त की रेवड़ियां) पर कहा कि अगर सरकार लोगों को सुबह से शाम तक फ्री खाना, गैस और बिजली देती रहेगी तो लोग काम क्यों करेंगे। ऐसे तो काम करने की आदत खत्म हो जाएगी। सरकार को रोजगार देने पर फोकस करना चाहिए।

कोर्ट ने कहा कि गरीबों की मदद करना समझ में आता है, लेकिन बिना फर्क किए सबको मुफ्त सुविधा देना सही नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। इसमें कंज्यूमर्स की फाइनेंशियल हालत की परवाह किए बिना सभी को फ्री बिजली देने का प्रस्ताव था।

सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि देश के ज्यादातर राज्य राजस्व घाटे में हैं और फिर भी वे विकास को नजरअंदाज करते हुए मुफ्त की घोषणाएं कर रहे हैं।

सीजेआई सूर्यकांत के 3 कमेंट

ज़ आपको लोगों के लिए रोजगार के रास्ते बनाने चाहिए, ताकि वे कमा सकें और अपनी इज्जत और आत्म सम्मान बनाए रख सकें। जब उन्हें एक ही जगह से सबकुछ मुफ्त मिल जाएगा तो लोग काम क्यों करेंगे। क्या हम ऐसा ही देश बनाना चाहते हैं?

## सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में पांच नक्सलियों मारे गये

आर.एन.एस



बीजापुर। जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच एक बड़ी मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में पांच नक्सलियों के मारे जानें की खबर है। यह कार्रवाई जिले में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जंगल क्षेत्र में नक्सलियों ने पहले सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू की थी। इसके जवाब में जवानों ने भी तुरंत मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से हुई भीषण मुठभेड़ में पांच नक्सली मौके पर ही ढेर हो गए।

सुरक्षाबलों को इस अभियान में बड़ी सफलता मिली है। 214 नक्सली ठिकानों और बंकरों को ध्वस्त करने की भी जानकारी मिल रही है। इस दौरान सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री भी बरामद की है। यह कार्रवाई नक्सलियों के नेटवर्क को कमजोर करने में सहायक सिद्ध हो रही है।

**नक्सलियों की मौजूदगी की मिली थी सूचना**

सुरक्षाबलों को बीजापुर के जंगल क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना मिली थी। इसके बाद जवानों ने इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान ही नक्सलियों ने घात लगाकर हमला किया और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने अपनी रणनीति के तहत जवाबी कार्रवाई की और नक्सलियों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। इस मुठभेड़ में पांच खूंखार नक्सली मारे गए, जिससे क्षेत्र में शांति स्थापित करने में मदद मिलेगी।


## ब्रिटेन में किंग चार्ल्स के भाई एंड्रयू गिरफ्तार, एपस्टीन मामले में नाम

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में किंग चार्ल्स के भाई एंड्रयू को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें सार्वजनिक पद पर रहते हुए गलत बर्ताव के शक में पकड़ा गया है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक उन्हें गुरुवार सुबह करीब 8 बजे उनके घर से हिरासत में लिया गया।

दरअसल, एपस्टीन मामले में पीड़िता रही वर्जीनिया गिफ्रे ने आरोप लगाया था कि 2001 में जब वह 17 साल की थी तब प्रिंस एंड्रयू ने उनका यौन शोषण किया था। हालांकि, एंड्रयू ने सभी आरोपों से इनकार किया है।

उन्होंने वर्जीनिया गिफ्रे के आरोपों को भी खारिज किया, जिन्होंने दावा किया था कि एपस्टीन ने उन्हें एंड्रयू के पास भेजा था। गिफ्रे की अप्रैल 2025 में मौत हो गई थी। इसकी वजह आत्महत्या बताई गई थी।




**प्रिंस एंड्रयू से शाही खिताब छीन लिए गए थे**

ब्रिटेन के किंग चार्ल्स ने पिछले साल अक्टूबर में अपने छोटे भाई एंड्रयू से 'प्रिंस' का खिताब और सभी शाही उपाधियां वापस ले ली थीं। उन्हें विंडसर स्थित उनके आलीशान घर 'रॉयल लॉज' को भी खाली करने का आदेश दिया गया। 65 साल के एंड्रयू दिवंगत क्वीन एलिजाबेथ के दूसरे बेटे हैं। एंड्रयू का नाम लंबे समय से अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़ा रहा है।

## अविमुक्तेश्वरानंद ने संत समाज को अल्टीमेटम दिया, कहा-बताएं आप किसके साथ हैं

आर.एन.एस



**नई दिल्ली।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सीएम योगी पर हमलावर हैं। उन्होंने गुरुवार को वाराणसी में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- दोनों डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और केशव मौर्य भाजपा को हो रही क्षति को बचाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन ये मठाधीश महाराज हठ पर उतारू हैं।


कालनेमि कौन है? इसका स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। ये असली हिंदू हैं या फिर छल, वेशधारी और ढोंगी आचरण के हैं। अविमुक्तेश्वरानंद ने संत समाज को अल्टीमेटम दिया। कहा- 10 दिन में बताएं कि आप किसके साथ हैं। जो उनके पक्ष में होगा, उसके साथ भी सीएम जैसा व्यवहार किया जाएगा।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के 101 बटुकों की पूजा करने पर अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा- उन्होंने ऐसा कर अपनी भावना दिखाई है। उन्होंने यह बताया कि मेरे मुख्यमंत्री, आपने जो किया वह पाप था, जिसे मैं धोने-पोंछने का प्रयास कर रहा हूं। अगर यह सब राजनीति के तहत नहीं होता, तो जिस बटुक की चोटी खींची गई थी, उसे बुलाकर पूजन करते?

डिप्टी सीएम पाठक के बयान (बटुकों को पीटने पर महापाप लगेगा) पर भी अविमुक्तेश्वरानंद ने जवाब दिया। उन्होंने कहा- इससे पता चलता है कि वे कार्रवाई करने में समर्थ नहीं हैं। उनके पास पावर ही नहीं है।

## समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को मिलकर काम करना होगा : राजनाथ सिंह

### रक्षा मंत्री ने विशाखापत्तनम में बहुराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास मिलन 2026 का उद्घाटन किया



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को विशाखापत्तनम में बहुराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास मिलन 2026 का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा है कि भारत अंतरराष्ट्रीय कानून और नौवहन की स्वतंत्रता पर आधारित एक समतामूलक समुद्री व्यवस्था स्थापित करना चाहता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को मिलकर काम करना होगा।उन्होंने कहा, 'पारंपरिक खतरों के साथ-साथ उभरती चुनौतियां भी मौजूद हैं। समुद्री डकैती, समुद्री आतंकवाद, अवैध मछली पकड़ना, तस्करी, साइबर जोखिम और महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान जैसी समस्याएं गंभीर हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही हैं, जिससे मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों की मांग भी बढ़ी है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि कोई भी एक नौसेना इन चुनौतियों से अकेले नहीं निपट सकती, इसलिए सहयोग अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि अंतरराष्ट्रीय जल से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए 'युनाइटेड नेशंस कन्वेंशन ऑन द लॉ ऑफ द सी' एक मजबूत कानूनी ढांचा प्रदान करता है। उन्होंने व्यापक वैश्विक नौसैनिक संरचना की जरूरत पर बल दिया, जो सूचना साझाकरण, समुद्री संचार मार्गों की सुरक्षा और आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण सुनिश्चित करे।

## ईरान पर इस हफ्ते हमला कर सकता है अमेरिका 2003 के बाद सबसे बड़ी एयर फोर्स तैनात

आर.एन.एस



**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बहुत तेजी से बढ़ रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक इस हफ्ते अमेरिका ईरान पर हमला कर सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से इसे अंतिम मंजूरी मिलना बाकी है।

मिडिल ईस्ट में अमेरिका ने 2003 के इराक युद्ध के बाद अपनी सबसे बड़ी एयर फोर्स तैनात की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में स्न-35, स्न-22, स्न-15 और स्न-16 जैसे एडवांस्ड फाइटर जेट्स की कई स्क्वॉड्रन तैनात की हैं।

बड़े पैमाने पर एयर ऑपरेशन के लिए जरूरी कमांड एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट भी भेजे जा रहे हैं। हाल के हफ्तों में एयर डिफेंस सिस्टम भी इलाके में लगाए गए हैं

अमेरिकी न्यूज एजेंसी एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर अमेरिका सैन्य कार्रवाई करता है तो यह कई हफ्तों तक चलने वाला बड़ा ऑपरेशन होगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि यह ऑपरेशन पिछले महीने वेनेजुएला में हुई सीमित कार्रवाई से कहीं बड़ा होगा और संभव है कि इसे इजराइल के साथ मिलकर अंजाम दिया जाए। इसका निशाना ईरान का परमाणु और मिसाइल ढांचा हो सकता है।




## पंजाब सीएम ऑफिस-चंडीगढ़ कोर्ट उड़ाने की धमकी

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** चंडीगढ़ स्थित पंजाब सचिवालय और चंडीगढ़ कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी ईमेल के जरिए दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया और पूरे इलाके को खाली करा लिया गया। एहतियातन हरियाणा सचिवालय को भी अलर्ट पर रखा गया है।जानकारी के मुताबिक, धमकी भरा ईमेल संबंधित विभाग को मिला था, जिसमें सीएम ऑफिस में विस्फोट करने की बात कही गई है। इस ईमेल का स्क्रीनशॉट वायरल हुआ। हालांकि, इसकी पुलिस या प्रशासन के किसी अधिकारी ने पुष्टि नहीं की है। दैनिक भास्कर भी इस ईमेल की पुष्टि नहीं करता।

सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी कर दी और लोगों को सचिवालय से सुरक्षित बाहर निकाल दिया गया। पुलिस बल, ष्टत्रक्क, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉयड की टीमें मौके पर पहुंचीं और पूरे इलाके की बारीकी से तलाशी ली। जांच पूरी हो चुकी है, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

बता दें कि मंगलवार को भी मोहाली के अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, जिसमें ष्टरूमान एडमिट थे। हालांकि, यह धमकी भी झूठी निकली थी।

**धमकी भरे ईमेल में ये बातें लिखीं**

सामने आए ईमेल के स्क्रीनशॉट में दिख रहा है कि यह सचिवालय को आज सुबह 9 बजकर 46 मिनट पर मिला। इसमें लिखा है कि मान का दफ्तर, सेक्रेटेरिएट और चंडीगढ़ कोर्ट में दोपहर 2.11 बजे धमाका होगा।

## देशभर के रेस्टोरेंट्स ने 70,000 करोड़ की बिरयानी बिक्री छिपाई

### कैश बिल डिलीट कर करोड़ों की टैक्स चोरी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**नई दिल्ली।** हैदराबाद में बिरयानी रेस्टोरेंट चेन की जांच करते हुए इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने देशभर में फैले एक बड़े टैक्स चोरी घोटाले का खुलासा किया है। विभाग का दावा है कि 2019-20 से अब तक कम से कम ?70,000 करोड़ की बिरयानी बिक्री छिपाई गई।हैदराबाद जांच यूनिट ने देशभर के करीब 1.77 लाख रेस्टोरेंट में इस्तेमाल हो रहे एक बिलिंग सॉफ्टवेयर के 60 टेराबाइट ट्रांजैक्शन डेटा का विश्लेषण किया। अधिकारियों के मुताबिक यह सॉफ्टवेयर बाजार के करीब 10% हिस्से को कंट्रोल करता है।

जांच में पाया गया कि कई रेस्टोरेंट ग्राहकों से रुपए लेने के बाद सिस्टम से बिल डिलीट या एडिट कर रहे थे। देशभर में इस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करने वाले रेस्टोरेंट ने 13,000 करोड़ रुपए से ज्यादा के बिल मिटा दिए।

जांच में हाई-कैपेसिटी सिस्टम और ढ्ढ टूल्स का इस्तेमाल हुआ। इनमें जेनरेटिव ढ्ढ भी शामिल है। त्रस्ञ्ज नंबर और ऑनलाइन पब्लिक रिकॉर्ड के जरिए रेस्टोरेंट की पहचान मिलाई गई। जांच की शुरुआत हैदराबाद, विशाखापट्टनम और आसपास के शहरों से हुई थी। बाद में मामला बड़ा होने पर इसे पूरे देश में बढ़ाया गया।

जांच अधिकारियों के मुताबिक, आमतौर पर रेस्टोरेंट अपने ग्राहकों से कार्ड, यूपीआई और कैश से मिलने वाले सभी पेमेंट सॉफ्टवेयर में दर्ज करते हैं ताकि स्टाफ कोई गड़बड़ी न करे।

## राजस्थान में ओले गिरे, एमपी के 20 जिलों में बारिश

आर.एन.एस



**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में मौसम का मिजाज बदल गया है। मध्य प्रदेश में पिछले 12 घंटों के दौरान भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और उज्जैन समेत 20 से अधिक जिलों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ीं। जिससे ठिठुरन बढ़ गई है।राजस्थान के 11 जिलों में तेज आंधी-बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी है। एक दिन पहले 11 से ज्यादा जिलों में दिनभर रुक-रुककर बारिश हुई। राजधानी जयपुर के स्स्ल्स अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में पानी भर गया। इससे कई ऑपरेशन टल गए। 4 जिलों में ओले भी गिरे।

हरियाणा के हिसार समेत कई इलाकों में 40-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और ओले गिरने की चेतावनी दी गई है। राज्य के भिवानी और रेवाड़ी में बुधवार दोपहर को हल्की बूंदाबांदी के साथ ओले गिरे।

वहीं उत्तराखंड में बागेश्वर और रुद्रप्रयाग सहित तीन जिलों में बर्फबारी हुई है। इसके अलावा 7 जिलों में बारिश हुई है। रुद्रप्रयाग स्थित केदारनाथ में 6 इंच बर्फ गिरी है।

## चुनाव आयोग ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की घोषणा की

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को देशभर में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की घोषणा कर दी है। चुनाव आयोग के सचिव पवन दीवान ने 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को लेटर लिखकर स्ढ्ढक्रसे जुड़ी तैयारी का काम जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कहा है।चुनाव आयोग ने लेटर में बताया कि दिल्ली, कर्नाटक सहित शेष 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्ढ्ढक्र प्रक्रिया अप्रैल से शुरू होने की उम्मीद है। लेटर में आगे कहा गया है कि चुनाव आयोग ने पिछले साल 24 जून को आदेश दिया था कि पूरे देश में स्ढ्ढक्र किया जाएगा।

## कांग्रेस का दावा- राहुल को गोली मारने की धमकी मिली

**नई दिल्ली।** करणी सेना के एक कार्यकर्ता ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी दी है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने गुरुवार को यह दावा किया। उन्होंने धमकी वाला वीडियो भी सोशल मीडिया एक्स पर शेयर किया है। पवन खेड़ा ने लिखा कि पूरा आरएसएस-भाजपा तंत्र एक 'गोडसे फैक्ट्री' है। तथाकथित करणी सेना द्वारा राहुल गांधी और '25 सांसदों' के खिलाफ दी गई धमकी कोई अलग-थलग पड़ी घटना नहीं है। यह एक सुनियोजित और कपटपूर्ण साजिश का हिस्सा है।

उन्होंने एक्स पर लिखा- कट्टरपंथ ऐसे ही काम करता है। वे पहले एक झूठ बनाते हैं, पॉलिटिकल अथॉरिटी उसे आगे बढ़ाती हैं और तब तक फैलाती हैं जब तक उनके फॉलोअर्स के मन में नफरत और हिंसा नहीं भर जाती। तब भी गोडसे बनाया गया था। आज फिर एक और गोडसे को तैयार किया जा रहा है।



## विराट हिंदू सम्मेलन 22 फरवरी को, भव्य पोस्टर का विमोचन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** आशादीप किंग्स कोर्ट सोसाइटी, जीरोता जगतपुरा, जयपुर तथा आशादीप रेनबो सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 22 फरवरी 2026 (रविवार) को आयोजित होने वाले 'विराट हिंदू सम्मेलन' के भव्य आयोजन की तैयारियाँ जोरों पर हैं। इसी क्रम में आज सोसाइटी परिसर में सकल हिंदू समाज द्वारा कार्यक्रम के भव्य पोस्टर का विधिवत विमोचन किया गया।

पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिकों, मातृशक्ति एवं युवाओं ने सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प व्यक्त किया। आयोजकों ने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज में धार्मिक चेतना जागृत करना, सांस्कृतिक गौरव को प्रोत्साहित करना तथा सामाजिक एकता को सुदृढ़ करना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 08:30 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। इसके पश्चात विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना है।

# सूर्य किरण एरोबैटिक टीम और सारंग हेलिकॉप्टर डिस्प्ले टीम ने जयपुर में युवाओं से संवाद किया



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** भारतीय वायु सेना की ब्रांड एंबेसडर टीमें सूर्य किरण एरोबैटिक टीम और सारंग हेलिकॉप्टर डिस्प्ले टीम ने गुरुवार को जयपुर में युवाओं से संवाद किया। कार्यक्रम हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान (एचसीएम रीपा) के भगवत सिंह मेहता सभागार में आयोजित हुआ। इसमें एनसीसी कैडेट्स, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं और मूक-बधिर विद्यार्थी शामिल हुए। संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को वायुसेना में करियर के अवसरों, प्रशिक्षण प्रक्रिया, टीमवर्क और अनुशासन की जानकारी देना था। टीम सदस्यों ने 20 और 22 फरवरी को जल महल की पाल पर प्रस्तावित एयर शो के संबंध में भी जानकारी साझा की। कार्यक्रम में बताया गया कि वर्ष 1996 में स्थापित सूर्य किरण एरोबैटिक टीम एशिया की एकमात्र नौ-विमान एरोबैटिक टीम है। टीम लाल-सफेद रंग के हॉक एमके-132 जेट विमानों से लूप, बैरल रोल, उलटी उड़ान और 'डीएनए' संरचना सहित विभिन्न संरचनात्मक करतब प्रस्तुत करती है। अब तक टीम 800 से अधिक प्रदर्शनों में भाग ले चुकी है और चीन, श्रीलंका, म्यांमार, थाईलैंड, सिंगापुर तथा संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों में प्रदर्शन कर चुकी है। टीम में 14 पायलट शामिल हैं। टीम लीडर ग्रुप कैप्टन अजय दसरथी और डेप्यूटी लीडर विंग कमांडर तेजेश्वर सिंह हैं। तीन पायलट–विंग कमांडर राजेश काजला, विंग कमांडर अंकित वशिष्ठ और स्क्वाड्रन लीडर संजेश सिंह–जयपुर से संबंधित हैं। हाल ही में विमानों में स्वदेशी स्मोक पॉड्स का एकीकरण किया गया है, जिसे वायुसेना के 11 बेस रिपेयर डिपो, नासिक में विकसित किया गया है। इनसे प्रदर्शन के दौरान आकाश में तिरंगे रंगों का प्रदर्शन संभव होता है।

कार्यक्रम में सारंग हेलिकॉप्टर डिस्प्ले टीम के बारे में भी जानकारी दी गई। वर्ष 2004 में सिंगापुर में आयोजित एशियन एरोस्पेस शो में पहली अंतरराष्ट्रीय प्रस्तुति के बाद से टीम 390 से अधिक स्थलों पर 1200 से अधिक प्रदर्शन कर चुकी है। टीम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा विकसित ध्रुव हेलिकॉप्टर का संचालन करती है। अभ्यास उड़ानें 20 फरवरी तक जारी रहेंगी, जबकि 22 फरवरी को जल महल क्षेत्र में पाँच हेलिकॉप्टरों का सामूहिक प्रदर्शन निर्धारित है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने टीम सदस्यों से प्रश्न पूछे और वायुसेना की कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

## होली और खाटूश्याम मेले के मद्देनजर उत्तर पश्चिम रेलवे का विशेष चेकिंग अभियान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** होली पर्व और खाटूश्याम में आयोजित वार्षिक मेले के दौरान अतिरिक्त यात्री भार को देखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे ने विशेष व्यवस्थाएं लागू की हैं। इस अवधि में ट्रेनों और स्टेशनों पर सुरक्षा, स्वच्छता और अनाधिकृत यात्रा की रोकथाम के लिए व्यापक विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए 23 स्पेशल ट्रेनों के 113 ट्रिप संचालित किए जाएंगे, जबकि 24 अन्य स्पेशल ट्रेनों के 114 ट्रिप संचालन की अवधि बढ़ाने की अधिसूचना जारी की गई है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि विभिन्न मार्गों पर यात्री भार की समीक्षा के बाद अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। होली और खाटूश्याम मेले के दौरान यात्रियों की संख्या में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए मुख्यालय और मंडल स्तर पर विशेष टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें ट्रेनों और स्टेशनों का नियमित निरीक्षण करेंगी।

अभियान के तहत रेलवे सुरक्षा बल और संबंधित विभागों द्वारा गहन जांच की जाएगी। प्रतिबंधित वस्तुओं जैसे पटाखे, पेट्रोलियम पदार्थ, गैस सिलेंडर, केरोसिन, सूखी झाड़ियां और नशीले पदार्थों को लेकर यात्रा करने पर रोक रहेगी। रेलवे अधिनियम के अनुसार प्रतिबंधित या विस्फोटक सामग्री के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है, जिसके लिए एक हजार रुपये तक जुर्माना या तीन वर्ष तक की कैद अथवा दोनों का प्रावधान है।



## माली सैनी समाज का चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

चाकसू। फागी रोड स्थित ढ्ढष्ठस्स्ञ्ज कॉलोनी के पास महात्मा ज्योतिबा फूले सेवा संस्थान के तत्वावधान में गुरुवार को फुलेरा दूज के अबूझ सावे पर माली सैनी समाज का चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ । इस अवसर पर 21 जोड़े वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अग्नि को साक्षी मानकर परिणय सूत्र में बंधे।।

संस्थान के सचिव हनुमान सिंह सैनी ने बताया कि सुबह 9 बजे पारंपरिक वेशभूषा में सजे दूल्हों की निकासी बैण्ड बाजों की धुन पर मुख्य मार्गों व बाजार में होते हुए सम्मेलन स्थल पहुंची । सम्मेलन स्थल पर सामुहिक तोरन किया गया। वधु पक्ष और समाज की महिलाओं ने मंगल गीतों के साथ दूल्हों का अभिनंदन किया ।इसके बाद शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 21 जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार संपन्न कराया गया ।

महात्मा ज्योतिबा फूले सेवा संस्थान के अध्यक्ष ग्यारसी लाल सैनी ने बताया कि संस्थान ने प्रत्येक नव दंपत्ति को आभूषण, आवश्यक सामग्री और उपहार भेंट किए। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ जनों ने नव दंपत्ति को गृहस्थ जीवन की शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान इस भामाशाहों का सम्मान किया गया । कार्यक्रम में पधारे वक्ताओं में समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने पर ज़ोर दिया ।

कार्यक्रम में लगभग बीस हज़ार लोगों ने भाग लिया ।

## घरेलु सिलेण्डर के व्यावसायिक दुरूपयोग करने वाले 4 प्रतिष्ठानों से 27 गैस सिलेण्डर जब्त

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**सवाई माधोपुर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, जयपुर के निर्देशानुसार सवाई माधोपुर जिले में चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे घरेलु सिलेण्डर के व्यावसायिक दुरूपयोग की रोकथाम हेतु गठित टीम द्वारा जिले के 4 प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही करते हुए 27 गैस सिलेण्डर जब्त किये गये है।

जिला रसद अधिकारी रामभजन मीना ने बताया कि घरेलु गैस सिलेण्डरों के व्यवसायिक दुरूपयोग, अवैध भण्डारण तथा अवैध रिफिलिंग की रोकथाम के लिए जिला कलक्टर काना राम के निर्देशानुसार विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही करते हुए 27 गैस सिलेण्डर जब्त किए गए। उन्होंने बताया कि गैस सिलेण्डर का अनाधिकृत भण्डारण तथा अवैध रूप से ऊचें दामों में विक्रय करने के कारण द्रवित पेट्रोलियम गैस आपूर्ति संबंधी स्पष्ट उल्लंघन पाये जाने पर मौके पर सिलेण्डरों को जब्त करने की कार्यवाही की गई।

उन्होने बताया कि चौथ का बरवाडा में मैसर्स पोरवाल नमकीन एण्ड स्वीट्स, रेल्वे स्टेशन के पास से 4 गैस सिलेण्डर, मैसर्स मुकेश कचौरी वाला, कस्बा बौंली से 3 सिलेण्डर, छेलबिहारी राठौर न्यू कॉलोनी बहरावण्डा से 8 सिलेण्डर तथा सत्यनारायण श्यारौली गंगापुर सिटी से 12 गैस सिलेण्डर जब्त किए गए।

इन चारों प्रतिष्ठानों के विरूद्व द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदान और वितरण का विनियमन) आदेश 2000 का उल्लंघन करने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्रकरण दर्ज करते हुए नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। घरेलु एलपीजी के अवैध भण्डारण, व्यवसायिक दुरूपयोग तथा अवैध रिफिलिंग के विरूद्व कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

## नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के विरुद्ध आरपीएफ की सख्त कार्रवाई

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सवाईमाधोपुर।** यात्रियों की सुरक्षा, स्टेशन परिसर में सुचारु आवागमन एवं आपातकालीन सेवाओं की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), सवाई माधोपुर द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर में नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत आरपीएफ द्वारा रेल अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े पाए जाने वाले वाहनों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। वर्ष 2026 में अब तक 65 वाहन चालकों के विरुद्ध रेल अधिनियम के अंतर्गत चालान/कार्रवाई की जा चुकी है तथा यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

आरपीएफ सवाई माधोपुर द्वारा आमजन एवं यात्रियों से अपील की जाती है कि वे रेलवे स्टेशन आने पर अपनी गाड़ियों को केवल निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करें। नो-पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने से न केवल यातायात व्यवस्था बाधित होती है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

आरपीएफ ने स्पष्ट किया है कि स्टेशन परिसर में अनुशासन बनाए रखने हेतु भविष्य में भी ऐसे उल्लंघनों के विरुद्ध सख्त एवं निरंतर कार्रवाई की जाएगी। अतः सभी वाहन चालक नियमों का पालन करें तथा रेलवे प्रशासन का सहयोग करे।



## व्यक्ति को जीवन में सदा सत्य के मार्ग पर चलना चाइए - राजेंद्र शास्त्री

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सवाई माधोपुर।** ग्राम पंचाला जिला टोंक के गौतम आश्रम में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में गुरुवार को आचार्य राजेंद्र कुमार शास्त्री ने राम जन्म एवं कृष्ण जन्म की कथाओं का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भागवत सुनने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। जीवन में सदा सत्य के मार्ग पर चलना चाहिये। जीवन में ईश्वर का गुणगान करने का कोई समय, कोई उम्र तय नहीं होती है। मनुष्य कभी भी ईश्वर की आराधना कर सकता है। जो व्यक्ति ईश्वर की आराधना करता है वह कभी दुखी नहीं रहता है। ईश्वर के दर पर देर हो सकती है परन्तु अंधेर नहीं। सब कुछ मनुष्य को परमात्मा पर छोड़ देना चाइए। कथा में श्रीकृष्ण जन्म पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने भाव विभोर होकर नृत्य किया



## 43 विस्थापित परिवारों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**खंडार।** खंडार तहसील क्षेत्र में वर्ष 2017 में ग्राम तालड़ा के खोरा और गढ़ी क्षेत्र से विस्थापित हुए 43 परिवारों ने प्रशासन के समक्ष अपनी पीड़ा रखी है। आणंदीपुरा-गिर्राजपुरा क्षेत्र, तहसील उनियारा, जिला टोंक के इन विस्थापित परिवारों ने खंडार तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि जब तक पुनर्वास के तहत दी गई भूमि उनके नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं की जाती, तब तक उनकी मूल खातेदारी भूमि से नाम नहीं हटाया जाए।

ग्रामीणों का आरोप है कि विस्थापन के समय प्रत्येक 18 वर्ष से अधिक आयु के परिवार को दो लाख पचास हजार रुपये की आर्थिक सहायता और प्रति परिवार 6 से 7 बीघा भूमि देने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन आज तक न तो पूरी योजना का लाभ मिला और न ही आवंटित भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में किया गया। स्थिति यह है कि जिस भूमि पर वे वर्षों से आश्रित हैं, वह अब भी वन विभाग के नाम दर्ज है और विस्थापित परिवार सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं।

अब प्रशासन द्वारा उनकी पूर्व



## नृसिंहधार बालाजी सेवा समिति का अभियान सफलतापूर्वक संपन्न

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**खंडार।** खंडार उपखण्ड मुख्यालय क्षेत्र में भीषण शीत लहर के बीच जरूरतमंदों के लिए राहत बनकर सामने आई नृसिंहधार बालाजी सेवा समिति का मानवीय अभियान 'सर्दियों में सहारा' इस सप्ताह सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। कई सप्ताह तक चले इस सेवा कार्य के तहत समिति के सदस्यों ने दूर-दराज के गांवों में पहुंचकर चिन्हित जरूरतमंद परिवारों को गर्म कपड़े वितरित किए।

समिति के सक्रिय सदस्य अरुणेश उपाध्याय और ओमप्रकाश प्रजापत ने बताया कि अभियान को मिशन की तरह संचालित किया गया। बुधवार से सोमवार तक कपड़ों का संकलन और प्रत्येक मंगलवार को टोली बनाकर वितरण किया गया। अंतिम चरण में जब जरूरतमंदों को गर्म कपड़ों के पैकेट सौंपे गए, तो उनके चेहरों पर सुकून भरी मुस्कान और आंखों में कृतज्ञता साफ झलक रही थी।

समापन अवसर पर कमलेश पाठक ने सहयोगियों का आभार जताते हुए अगले वर्ष भी इसी उत्साह से सेवा जारी रखने का संकल्प दोहराया। इस अभियान में कुलदीप स्वामी, हरिओम सेन, चौथमल बैरबा और गोलू प्रजापत सहित कई कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

'कपड़े पुराने हो सकते हैं, पर परोपकार की भावना हमेशा नई रहती

## उपखण्ड अधिकारी गौरव मित्तल ने लंबित फाइलों के निस्तारण और सफाई व्यवस्था दुरस्त करने के दिए निर्देश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**सवाई माधोपुर।** उपखण्ड अधिकारी सवाई माधोपुर गौरव मित्तल ने गुरूवार को नगर परिषद सवाई माधोपुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उपखण्ड अधिकारी ने नगर परिषद की विभिन्न शाखाओं में जाकर अभिलेखों और संचालित कार्यों की बारीकी से जाँच की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि बिना अनुमति के निर्माण कार्य नहीं किया जाए। इसके बाद जेईएन सेक्शन का निरीक्षण कर लंबित फाइलों का समयबद्ध निस्तारण के निर्देश अधिशाषी अभियंता को दिए।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए पात्र लाभार्थियों को बकाया किश्तों का नियमानुसार भुगतान करने, भूमि शाखा में लंबित पट्टों की पत्रावलियों को समयबद्ध नियमानुसार निस्तारण करने, अव्यवस्थित फाइलों को व्यवस्थित करने के निर्देश प्रदान किए।

इस दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर में जगह-जगह कचरे के ढेर मिलने नाराजगी जाहिर करते हुए सफाई निरीक्षक को प्रतिदिन साफ-सफाई सुनिश्चित करवाने के निर्देश प्रदान किए। साथ ही, उन्होंने नगर परिषद में स्थित शौचालयों की दयनीय स्थिति पर सफाई निरीक्षक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्मिकों को हिदायत देते हुए कहा कि कार्यालय समय पर आये और कार्यालय समय में इधर-उधर नहीं जाए।

## प्रिंस एकेडमी के म्यूजिकल बैंड का 2 लाख रूपये के नकद पुरस्कार से सम्मान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सीकर** बीकानेर बाईपास, सीकर स्थित सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंस एकेडमी में म्यूजिकल बैंड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में प्रिंस एजुहब चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रबंध निदेशक एम. आर. अग्रवाल, प्रिंसिपल पूनम चौहान, एकेडमिक हेड धर्मपाल सिंह, जयपाल सिंह एवं बैंड इंस्ट्रक्टर कैप्टन के.सी. भट्ट द्वारा बैंड टीम को उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए 2 लाख रुपये का नकद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

समारोह में विज्ञान प्रदर्शनी के अंतर्गत ड्रोन बनाकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा 10वीं के छात्र नमन को 21,000 रुपये की नकद राशि से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में कोऑर्डिनेटर्स एवं फैकल्टी मेंबर्स सहित हजारों विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## सीवरेज व पेयजल समस्याओं को लेकर बैठक आयोजित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**श्रीगंगानगर।** जिला कलक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शहर में चल रहे सीवरेज कार्य एवं पेयजल व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में यूआईटी, पीएचईडी और आरयूआईडीपी के अधिकारियों के अलावा कार्यकारी एजेंसी के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने सीवरेज प्लांट से जुड़ी समस्याओं, पानी की निकासी व्यवस्था तथा शहर में सीवरेज लाइनों की सफाई में आ रही कठिनाइयों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने एसटीपी को पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाने में आ रही बाधाओं को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी गर्मी के मौसम में पेयजल की नियमित आपूर्ति को लेकर समय रहते तैयारी करने के निर्देश दिये। पीएचईडी के अधिकारियों को पेयजल गुणवत्ता की नियमित जांच करने तथा यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि पेयजल और सीवरेज का पानी आपस में मिश्रित न हो। पाइपलाइन कार्य की गुणवत्ता बेहतर रखने तथा इस कार्य को बरसात से पूर्व पूर्ण करवाने के लिये संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए।

उन्होंने यूआईटी के अधिकरियों को



## दो आरओ व दो कंप्यूटर सेट कोशीथल व ठेकला विद्यालय को किये भेंट

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**गंगापुर।** लक्ष्मी चैन ग्रुप बैंगलोर के स्वामी भामाशाह सुरेश मेहता एवं ग्रुप के सदस्य रफीक मोहम्मद छीपा,प्रदीप यती, नवरत्न मल सेन, नाथू लाल माली, राजू भाई, श्रवण गुर्जर थोरिया खेड़ा आदि ने राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के ब्लॉक अध्यक्ष बालमुकुंद वैष्णव, संस्था प्रधान सत्यनारायण गुर्जर, लक्ष्मण सिंह शेखावत, रमेश चंद्र वैष्णव, कुलदीप भार्गव, हितेश मालव, दिनेश कुमार दाधीच एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में कंप्यूटर सेट विद्यालय परिवार को उपलब्ध कराये। इसी तरह राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कोशीथल में एक कंप्यूटर व एक आर ओ सैट, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ठेकला में एक आर ओ सेट विद्यालय परिवार को प्रदान किए। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिवार कोशीथल द्वारा समस्त भामाशाहों का माल्यार्पण, तिलक कर आभार व्यक्त किया।

## भामाशाह अवतार सिंह गिल एक लाख रुपए का फर्नीचर किया दान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**श्रीविजयनगर।** क्षेत्र के गांव 6 बीएलएम में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय को भामाशाह अवतार सिंह गिल द्वारा एक लाख रुपए की लागत से फर्नीचर बनवाकर भेंट किया गया। वर्तमान में श्री गिल का निवास मोहाली व चंडीगढ़ में है विद्यालय के व्याख्याता अमोलक सिंह गिल के प्रयासों एवं प्रेरणा से अवतार सिंह गिल ने विद्यालय की मूलभूत आवश्यकता को समझते हुए यह सहयोग प्रदान किया।इस अवसर पर अवतार सिंह गिल के भतीजे दल सिंह गिल का विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य मनीष बदलिया, अध्यापक हनुमान प्रसाद तिवारी, व्याख्याता अमोलक सिंह गिल तथा समस्त स्टाफ ने प्रतीक चिन्ह व माल्यार्पण कर आभार व्यक्त किया।प्रधानाचार्य मनीष बदलिया ने कहा कि इस प्रकार के जनसहयोग से शैक्षणिक संसाधनों का सुदृढ़ीकरण होता है तथा विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण वातावरण उपलब्ध होता है। भामाशाह अवतार सिंह गिल के इस योगदान को विद्यालय समुदाय ने सराहनीय एवं प्रेरणादायक बताया।

# वित्तीय समावेशन अभियान का शुभारंभ एवं जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**धौलपुर।** बसेड़ी ब्लॉक में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय समावेशन अभियान शुभारंभ एवं जागरूकता कार्यशाला का आयोजन बुधवार को किया गया। यह कार्यक्रम नीति आयोग की परिकल्पना के अनुरूप आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं वंचित वर्गों तक वित्तीय सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना तथा प्रत्येक पात्र नागरिक को औपचारिक वित्तीय व्यवस्था से जोड़ना है।

कार्यक्रम में वित्तीय समावेशन अभियान के पोस्टर का औपचारिक विमोचन उपखंड अधिकारी बसेड़ी सुरेन्द्र प्रसाद द्वारा किया गया। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय के उप प्रतिनिधि एवं वित्तीय साक्षरता केंद्र के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।कार्यशाला में ग्राम डाक सेवक, ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, बैंक मित्र, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं तथा खंड विकास अधिकारी रामजी लाल मीणा सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता की। प्रतिभागियों को बचत, बीमा, पेंशन योजनाएँ, साइबर सिक्योरिटी, सुरक्षित लेन-देन एवं विभिन्न जनकल्याणकारी वित्तीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम का संचालन डेवलपमेंट पार्टनर माइक्रोसेविंग कंसल्टेंसी के प्रतिनिधि गौरव त्रिवेदी द्वारा किया गया। साथ ही दिनेश पूरी ने साइबर सिक्योरिटी की जानकारी दी। आकांक्षी ब्लॉक फेलो अंकिता, अरफात तथा राजीविका के बीपीएम दिनेश लोढ़ा तथा क्रिसिल फाउंडेशन के वित्तीय सलाहकार ने भी कार्यक्रम में सहभागिता दी।

इस अवसर पर बताया कि वित्तीय समावेशन अभियान आगामी 20 फरवरी से 10 मार्च तक ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित कर पात्र परिवारों को बैंकिंग सेवाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं वित्तीय साक्षरता से जोड़ा जाएगा।

वक्ताओं ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे सुरक्षित बचत एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम का समापन वित्तीय समावेशन को जन-आंदोलन का रूप देने तथा बसेड़ी ब्लॉक को इस क्षेत्र में आदर्श बनाने के सामूहिक संकल्प के साथ किया गया।

# प्रश्नकाल में केवल प्रश्न-उत्तर, वाद-विवाद नहीं : वासुदेव देवनानी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरूवार को सदन की कार्यवाही के दौरान स्पष्ट व्यवस्था देते हुए कहाकि प्रश्नकाल का उद्देश्य केवल सदस्यों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करना है, न कि वाद-विवाद या विस्तृत चर्चा करना। स्पीकर देवनानी ने कहा कि प्रश्नकाल लोकतांत्रिक व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण अंग है, जिसमें जनप्रतिनिधि सरकार से जनहित से जुड़े मुद्दों पर तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त करते हैं। अतः प्रश्नकाल के दौरान अनावश्यक बहस, आरोप-प्रत्यारोप या विषयांतर चर्चा से बचना चाहिए। उन्होंने सभी सदस्यों से कहा कि वे नियमों एवं परंपराओं का पालन करते हुए संक्षिप्त एवं स्पष्ट प्रश्न पूछें तथा मंत्रीगण भी निर्धारित विषय पर सटीक और तथ्यात्मक उत्तर दें, जिससे सदन की कार्यवाही सुचारु, मर्यादित और प्रभावी ढंग से संचालित हो सके।

देवनानी ने कहा कि प्रश्नकाल की गरिमा बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इससे जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप सदन की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकता है। देवनानी ने कहा कि पूर्व में दी गई अध्यक्षीय व्यवस्था में अनुपूरक प्रश्न मूल प्रश्न से ही संबंधित होना चाहिये। सदस्य को दो ही पूरक प्रश्न पूछने की अनुमति है।

**देवनानी को 'उम्र 18 की' प्रति भेंट:**

राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को युवा लेखक हर्ष वर्धन पाण्डेय ने अपनी नवीन पुस्तक उम्र 18 की प्रति भेंट की। देवनानी ने युवा लेखक को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# एक दिवसीय क्षमता वर्धन एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**सैंपऊ।** पंचायत समिति सभागार में गुरूवार को प्रयत्न संस्था की परियोजना 'कवच 'के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर बनी बाल सुरक्षा एवं संरक्षण समिति सदस्यों का बालअधिकारों पर एक दिवसीय क्षमता वर्धन एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल संरक्षण तंत्र को सशक्त बनाना एवं पंचायत स्तर पर कार्यरत सदस्यों की भूमिका को और प्रभावी बनाना है। कार्यक्रम का प्रारम्भ संस्था ब्लॉक सैंपऊ की समन्वयक रज़िया बेगम द्वारा प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए संस्था के परियोजना एवं प्रशिक्षण के उद्देश्य की जानकारी दी।

संस्था के बाल संरक्षण अधिकारी विजेंद्र कटारिया ने कहा कि बाल अधिकारों पर ब्लॉक स्तर पर बनी बाल संरक्षणसमिति बाल सुरक्षा की पहली कड़ी है और उनकी सक्रिय भागीदारी से ही बालश्रम,बाल विवाह बाल अधिकारों के उल्लंघनों को रोका जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 बाल श्रम निषेध अधिनियम 1986 एवं संशोधन 2016 की प्रमुख धाराओं की जानकारी दी गई और साथ ही बच्चों की सुरक्षा एवं आपात सहायता हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की उपयोग की बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को ब्लॉक सैंपऊ सीएचसी से डॉक्टर मुकेश रॉय ने बालसंरक्षण /बाल अधिकारों से संबंधित एवं कई प्रकार के सामाजिक भेदभाव पर चर्चा हुई वहीं थाना बाल कल्याण अधिकारी जगदीश जी ने गतिविधि वार्तालाप में सकारात्मक और सार्थक प्रतिक्रिया दी।कार्यक्रम में जिले को बाल हितैषी बनाने के प्रयासों पर आपसी सहयोग सुनिश्चित करेंगे सहमति प्रदान की।कार्यक्रम में सैंपऊ ब्लॉक की लगभग 38 ग्राम पंचायतों से पंचायतों ग्राम विकास अधिकारी,सरपंच,पंचायत समिति से एडीओ,एवं अन्य कर्मचारी,और स्वास्थ्य विभाग सीएचसी सैंपऊ से बीसीएमओ साहब की सक्रिय भागीदारी रही।गतिविधि का सफल संचालन रज़िया बेगम ने किया, उपस्थिति सभी संभागियों का आभार /धन्यवाद व्यक्त कर कार्यक्रम संपन्न किया गया।

# एबीबीपी द्वारा मनाई गई छत्रपति शिवाजी की जयंती

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



राजाखेड़ा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इस अवसर पर राष्ट्रभक्ति और शिव के आदर्शों का पालन करने का संकल्प लिया। एबीवीपी ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में विशेष 'हिंदवी स्वराज्य यात्रा' और गोष्ठियों का आयोजन किया था।

एबीवीपी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में कई विषयों पर चर्चा की जाती है:

जिसमें शिवाजी महाराज का 'हिंदवी स्वराज्य' का विचार।

राष्ट्र रक्षा और कुशल प्रशासन में शिवाजी महाराज की भूमिका।

युवाओं के लिए शिवाजी महाराज के आदर्श।

भाग संयोजक पतंजलि ने बताया कि

गुरिल्ला युद्ध तकनीक और नौसेना निर्माण।

इन आयोजनों का उद्देश्य छात्रों को भारतीय इतिहास के गौरवशाली पृष्ठों से परिचित कराना(

इस दौरान बताया गया कि शिवाजी महाराज के कई दुश्मन थे, जिनमें बीजापुर के आदिल शाह और मुगल सम्राट औरंगजेब प्रमुख थे, लेकिन उनके सबसे बड़े और प्रत्यक्ष दुश्मनों में आदिल शाही सेनापति अफजल खान और बाद में औरंगजेब शामिल थे, जिन्होंने शिवाजी की बढ़ती शक्ति को खत्म करने की हर संभव कोशिश की। अफजल खान को शिवाजी ने प्रतापगढ़ की लड़ाई में हराया था, जबकि औरंगजेब शिवाजी के जीवन भर उनके प्रमुख विरोधी बने रहे।

वहीं छात्रा रेनू ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज एक महान मराठा योद्धा, रणनीतिकार और 'हिंदवी स्वराज्य' के संस्थापक थे, जिन्होंने मुगलों को कड़ी टक्कर दी। 19 फरवरी 1630 को पुणे के शिवनेरी दुर्ग में जन्मे शिवाजी ने कम उम्र में ही तोरण किला जीतकर मराठा साम्राज्य की नींव रखी। 1674 में रायगढ़ में उनका राज्याभिषेक हुआ।इस मौके पर पतंजलि, सुखवीर, अनिल ,रामबृज ,रेनू, साधना, सीता , शिवानी, सरिता कुशवाहा, तन्वी, सोनी , मनीषा, काजल , खुशबू, आदि मौजूद रहे हैं।

# खटीक समाज का सामूहिक विवाह महोत्सव संपन्न, 17 जोड़ों ने लिए सात फेरे

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बसेड़ी।** कस्बे के एक निजी मैरिज होम में खटीक समाज एकता सेवा समिति, अछनेरा (आगरा) द्वारा सातवां सामूहिक विवाह महोत्सव एवं तीसरा प्रतिभा सम्मान समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। यह आयोजन मंगलनाथ महाराज आश्रम के सानिध्य में संपन्न हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि करौली-धौलपुर के पूर्व सांसद डॉ. मनोज राजोरिया रहे। विशिष्ट अतिथियों में राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री बाबूलाल नागर, मामराज बड़गूजर, शिवचरन बड़गूजर, मो. इस्लाम एवं शिवानी दायमा शामिल रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक बारात के साथ हुई। बैंड-बाजों के साथ निकली बारात मुख्य बाजार, हवेली थोक, पीएनबी बैंक, पीपल मंडी, भारद्वाज मार्केट और बयाना मोड़ से होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंची। पूरे मार्ग में समाज के लोगों ने बारात का जगह-जगह स्वागत किया।

समारोह में कुल 17 जोड़ों का विवाह विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया। पंडितों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार वैवाहिक संस्कार पूर्ण कराए।

मुख्य अतिथि डॉ. मनोज राजोरिया ने कहा कि 'सामूहिक विवाह जैसे आयोजन समाज में एकता, सहयोग और सामाजिक समरसता का मजबूत संदेश देते हैं। इससे गरीब व जरूरतमंद परिवारों को भी सम्मानपूर्वक विवाह संस्कार संपन्न कराने का अवसर मिलता है। खटीक समाज द्वारा किया गया यह प्रयास प्रेरणादायी है। '

अतिथियों ने नवविवाहित दंपतियों को सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद देते हुए समाज में एकता और संगठन को मजबूत करने का संदेश दिया।

इस अवसर पर समाज के भामाशाहों एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजबंधु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# आरक्षण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को एंड-टू-एंड ऑनलाइन करने का निर्णय लिया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार सुशासन एवं ई-गवर्नेंस को सुदृढ़ करते हुए जयपुर विकास प्राधिकरण ने आरक्षण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को एंड-टू-एंड ऑनलाइन करने का निर्णय लिया है। आयुक्त सिद्धार्थ महाजन के निर्देशानुसार विकसित की जा रही इस डिजिटल प्रणाली के तहत दस्तावेज़ अपलोड, ऑनलाइन परीक्षण, अनुमोदन एवं निर्गमन तक की संपूर्ण कार्यवाही पोर्टल आधारित होगी।

नई व्यवस्था के माध्यम से आवेदक घर बैठे अपने प्रकरण की अद्यतन स्थिति, आवश्यक टिप्पणियाँ एवं संबंधित अभिलेख देख सकेंगे। इससे न केवल पारदर्शिता सुनिश्चित होगी, बल्कि प्रक्रिया में लगने वाला समय भी घटेगा और नागरिकों को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सुझावों से संवरता विकास का खाका

जयपुर विकास प्राधिकरण की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी एवं जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से आयुक्त महाजन ने गुरुवार को आयोजित संवाद कार्यक्रम में विभिन्न हितधारकों से विस्तृत चर्चा की।

बैठक में शहरी नियोजन, प्रक्रियागत सरलीकरण, जनसुविधाओं के विस्तार तथा जयपुर के समग्र विकास से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया साथ ही कार्यक्रम में पधारे आमजन के लम्बित प्रकरणों का भी हाथों हाथ अवोलकन कर संबंधित उपायुक्त को समयबद्ध तरीके से निस्तारण के निर्देश दिए । इस दौरान जेडीए आयुक्त ने जनसुनवाई प्रकरणों की समीक्षा भी की साथ ही अधिकारियों को सुझावों का परीक्षण करवा कर प्राथमिकता के साथ लागू करने के निर्देश दिये। संवाद कार्यक्रम में पधारे हितधारकों ने जेडीए की इस पहल पर संतोष जताया है ।

आयुक्त महाजन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऑनलाइन प्रणाली लागू करने के साथ तीन वर्ष से अधिक पुराने लंबित प्रकरणों एवं लिगेसी डेटा का परीक्षण कर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें । इससे अभिलेखों का सुव्यवस्थित संधारण, लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण तथा प्रशासनिक पारदर्शिता को बल मिलेगा।गौरतलब है कि जेडीए द्वारा विभिन्न योजनाओं में अधिग्रहित भूमि के बदले पूर्व में जारी मैनुअल आरक्षण पत्रों का चरणबद्ध डिजिटलीकरण भी प्रारंभ कर दिया गया है। पुराने हस्तलिखित एवं मुद्रित अभिलेखों का डेटा एंट्री के माध्यम से कंप्यूटरीकरण कर उन्हें प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है, जिससे संबंधित हितधारक बिना कार्यालय आए आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकें।अब जयपुर विकास प्राधिकरण ने एक कदम और आगे बढ़ाते हुए आगामी समय में जारी किए जाने वाले सभी आरक्षण पत्र ई-प्रणाली के माध्यम से तैयार करने का निर्णय लिया है।



# अतिक्रमण करने वालों से 4 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल, साथ ही 2 कैंटर सामान जब्त

जयपुर। नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार एवं पूर्व में प्राप्त शिकायतों के आधार पर गुरुवार को सतर्कता शाखा ने बड़ी कार्रवाई की। उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार के महेश नगर 80 फीट रोड, वंदेमातरम सर्किल और भारत माता सर्किल क्षेत्र में अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 4 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया। साथ ही 2 कैंटर सामान जब्त कर नगर निगम के गोदाम में भिजवाया गया। प्रमुख स्थानों पर हटाया गया अतिक्रमणसतर्कता टीम ने जयपुर के महेश नगर 80 फीट रोड, वंदेमातरम सर्किल एवं भारत माता सर्किल क्षेत्र में सड़क किनारे किए गए अस्थायी अतिक्रमण को हटवाया। इस दौरान संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में अतिक्रमण नहीं करने के लिए मौके पर समझाइश भी दी गई। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि निगम क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। यदि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण पाया गया तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध भारी चालान अथवा प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

नगर निगम की इस कार्रवाई से आमजन को यातायात में सुविधा मिलने की उम्मीद है और सार्वजनिक स्थलों पर अवैध कब्जों पर अंकुश लगेगा।



**जयपुर। सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर पूर्व बीजेपी विधायक मोहन लाल गुप्ता के जयपुर में शास्त्री नगर स्थित आवास पर पहुंचे। जहां उन्होंने मोहन लाल गुप्ता की मां के निधन पर शोक जताया और उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। ओम माथुर ने शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया.। इस दौरान मोहन लाल गुप्ता के भाई घनश्याम गुप्ता, परिजन और रिश्तेदार मौजूद रहे...वहीं, भाजपा नेता आलोक पारीक, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय अग्रवाल, संजय राजपुरोहित, आंचल अवाना, रवि शर्मा, राजू माथुर, पार्षद सुभाष व्यास, श्याम सुंदर खंडेलवाल, राजेंद्र निराणिया, नीलम अग्रवाल समेत कई बीजेपी पदाधिकारी भी मौजूद रहे।**


## कार्यालय पंचायत समिति सैपऊ (धौलपुर)

क्रमांक/पं.स.सै/खु.नि./2025-26/201-04 दिनांक :- 18.02.2026

खुली निविदा सूचना संख्या 06/2025-26

पंचायत समिति कार्यकारी ऐजेंसी के तहत योजनान्तर्गत स्वीकृत 14 संकर्म सम्पादन अनुमानित लागत 0.80 लाख रूपये प्रत्येक कार्य कुल 11.20 लाख रूपये हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत रजिस्टर्ड फर्मों से दिनाँक 26.02.2026 समय 12:00 पीएम तक कार्यवार खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिनके यूबीएन नम्बर कमशः ZDH2526WSOB00761-74 है। अन्य विवरण बेब पोर्टल http//sppp.rajasthan.gov.in पर प्रदर्शित कर दिया गया है, जहाँ से देखा और डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रधान
पंचायत समिति सैपऊ

विकास अधिकारी
पंचायत समिति सैपऊ

## कार्यालय ग्राम पंचायत धौन्ध प.स. सरमथुरा, जिला धौलपुर

क्रमांक- 2025-26/52 दिनांक :- 13.02.2026

**Notice Inviting Bid**

Bid For "Construction Of ACR GP DHONDH " are Invited from interested bidders Upto 23.02.2026 on 06:00 PM Other particulars of the bid may be visited on the procurement portel (http://sppp.raj.nic.in, eproc.rajasthan.gov.in) of the state.

| NIB NO. | UBN No. |
|---|---|
| ZDH2526A0592 | ZDH2526WSOB00755 |

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत धौन्ध
सरमथुरा धौलपुर

प्रशासक
ग्राम पंचायत धौन्ध
पंचायत समिति, सरमथुरा

## कार्यालय पंचायत समिति चाकसू जयपुर

क्रमांक :- एफ ()/ पंसचा / ई-निविदा/2025-26/1141 दिनांक :- 19/02/26

ई निविदा सूचना संख्या 23./2025-26

NIB No. ZJP2526A1794
UBN No. ZJP2526GSOB02631

गुरू गोवलकर आंकाक्षी ब्लॉक (चाकसू) विकास योजनार्न्गत राज्य स्तर से अनुमोदित कार्य योजना अनुसार खण्ड चाकसू में संचालित विभिन्न आंगनबाडी केन्द्रों पर पीने के पानी की व्यवस्था हेतु 10 लीटर क्षमता वाले पानी के कैम्पर ( 10 Liter Camphor to each 140 AWC of Chaksu ) क्रय किये जाने हेतु राजस्थान लोक उपापन पार्दर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन पार्दर्शिता नियम 2013 के अनुसार राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से खुली निविदा प्रक्रिया द्वारा ऑफलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बंधित समस्त जानकारी पंचायत समिति चाकसू मे कार्यालय समय में एवं राजस्थान उपापन पोर्टलं http//SPPP.raj.nic.in पर देखी जा सकती है। ऑफलाइन निविदाएं प्राप्त करने एवं जमा करने की दिनांक 20/02/2026 से 26/02/2026 को सायं 5.00 बजे तक रहेगी।

विकास अधिकारी
पंचायत समिति चाकसू

## कार्यालय ग्राम पंचायत खिडौरा प.ंस बसेडी धौलपुर (राज.)

क्रमांक/प्रा..प/लेखा/निविदा/2026/37 दिनांक :- 19.02.2026

निविदा सूचना

इस कार्यालय द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत स्वीकृत सकर्म हेतु जी सिड्यूल की दरों पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित की है। जिसे राज एसपीपीपी एवं ई प्रोक्क पोर्टल पर अथवा कार्यालय में आकर देखा जा सकता है।

NIB NO-ZDH2526A0600
UBN NO-ZDH2526WSOB00778

प्रशासक
ग्राम पंचायत खिडौरा
पंचायत समिति बसेड़ी

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत खिडौरा
पंचायत समिति बसेड़ी

## कार्यालय पंचायत समिति सरमथुरा, जिला धौलपुर

क्रमांक- प.स.स/2025-26/1579 दिनांक :- 19.02.2026

**Notice Inviting Bid**

Bid For "Construction Of Samudayik Bhavan Gp raharai are Invited from interested bidders Upto 23.02.2026 on 06:00 PM Other particulars of the bid may be visited on the procurement portel (http://sppp.raj.nic.in, eproc.rajasthan.gov.in) of the state.

| NIB NO. | UBN No. |
|---|---|
| ZDH2526A0599 | ZDH2526WSOB00777 |

प्रधान
पंचायत समिति, सरमथुरा

विकास अधिकारी
पंचायत समिति सरमथुरा

# संपादकीय

## भारतीय ज्ञान परंपरा और विज्ञान शिक्षा : सोच-समझकर आगे बढ़ने की आवश्यकता

**डॉ विजय गर्ग**

भारत की ज्ञान परंपरा हजारों वर्षों पुरानी है। यहाँ शिक्षा केवल जीविका कमाने का माध्यम नहीं थी, बल्कि जीवन को समझने, प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाने और मानव कल्याण की दिशा में आगे बढ़ने का साधन थी। आज जब विज्ञान और तकनीक का युग है, तब यह प्रश्न महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या हमारी आधुनिक विज्ञान शिक्षा भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़कर आगे बढ़ रही है या उससे कटती जा रही है।भारतीय परंपरा में ज्ञान को समग्र रूप में देखा गया। वेद और उपनिषद में ब्रह्मांड, प्रकृति, चेतना और जीवन के रहस्यों पर गहन विचार मिलता है। आचार्य चरक और सुश्रुत ने आयुर्वेद और शल्य चिकित्सा में वैज्ञानिक पद्धतियों का प्रयोग किया। आर्यभट ने खगोल विज्ञान और गणित में ऐसे सिद्धांत दिए जो आधुनिक विज्ञान की नींव से मेल खाते हैं।

यह परंपरा अनुभव, अवलोकन और तर्क पर आधारित थी – जो विज्ञान की मूल आत्मा है। आज की शिक्षा प्रणाली में विज्ञान को अक्सर परीक्षा और अंकों तक सीमित कर दिया गया है। विद्यार्थी सूत्र याद करते हैं, प्रयोगों का उद्देश्य समझे बिना उन्हें दोहराते हैं और विज्ञान को जीवन से जोड़ने में असफल रहते हैं।

रटने की प्रवृत्ति, समझ की कमी, प्रयोगात्मक शिक्षा का अभाव

प्रकृति और स्थानीय ज्ञान से दूरी

विज्ञान को नैतिकता और जीवन मूल्यों से अलग देखना, भारतीय ज्ञान परंपरा से क्या सीखें?

भारतीय ज्ञान परंपरा विज्ञान शिक्षा को अधिक जीवन्त और प्रासंगिक बना सकती है।

ज्ञान को अलग-अलग विषयों में बाँटने के बजाय जीवन से जोड़कर समझना।

प्रकृति का अवलोकन, औषधीय पौधों का अध्ययन, स्थानीय पर्यावरण की समझ।

**विज्ञान और नैतिकता का संतुलन**

विज्ञान का उद्देश्य मानव कल्याण होना चाहिए, केवल तकनीकी प्रगति नहीं।

**प्रश्न पूछने की संस्कृति**

उपनिषदों की संवाद परंपरा जिज्ञासा और चिंतन को बढ़ावा देती है।

विज्ञान शिक्षा में परंपरा का समावेश कैसे हो?

पाठ्यक्रम में भारतीय वैज्ञानिकों और परंपरागत ज्ञान को शामिल किया जाए योग, आयुर्वेद, पर्यावरणीय ज्ञान को वैज्ञानिक दृष्टि से पढ़ाया जाए, स्थानीय ज्ञान प्रणालियों का दस्तावेजीकरण और अध्ययन, प्रयोगात्मक एवं प्रोजेक्ट आधारित शिक्षा को बढ़ावा

विज्ञान को सामाजिक समस्याओं के समाधान से जोड़ा जाए

**सावधानी भी आवश्यक**

परंपरा को अपनाते समय अंधविश्वास और वैज्ञानिक सोच में अंतर समझना जरूरी है। हर परंपरागत विचार वैज्ञानिक नहीं होता। इसलिएः

प्रमाण और परीक्षण आवश्यक हैं, वैज्ञानिक पद्धति का पालन अनिवार्य है तर्क और विवेक को प्राथमिकता दी जानी चाहिए,

भारत यदि ज्ञान महाशक्ति बनना चाहता है, तो उसे अपनी जड़ों से जुड़े रहते हुए आधुनिक विज्ञान की दिशा में आगे बढ़ना होगा। भारतीय ज्ञान परंपरा हमें सोचने, प्रश्न करने और प्रकृति के साथ संतुलन में जीने की प्रेरणा देती है, जबकि आधुनिक विज्ञान हमें खोज, नवाचार और तकनीकी प्रगति की दिशा दिखाता है। दोनों का समन्वय ही भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

विज्ञान तभी सार्थक है जब वह ज्ञान, संवेदनशीलता और मानवता के साथ जुड़ा हो – और यही भारतीय ज्ञान परंपरा का मूल संदेश है।

डॉ विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्रिंसिपल मलोट पंजाब

---

‘ वैसे देखा जाए तो भारत पिछले एक दशक में जिस तेज गति से सौर ऊर्जा की ओर अग्रसर हुआ है, वह न केवल तकनीकी प्रगति का प्रमाण है, बल्कि वैश्विक जलवायु संकट के प्रति देश की रणनीतिक समझ का भी संकेत देता है। वर्ष 2014 में जहां भारत की कुल स्थापित सौर क्षमता मात्र तीन गीगावाट के आसपास थी, वहीं आज यह 135 गीगावाट से अधिक हो चुकी है। यह वृद्धि केवल संख्यात्मक नहीं है; यह उस राजनीतिक इच्छाशक्ति, नीति समर्थन और पूंजी निवेश का परिणाम है ’

---

# आज मुल्क (हम) उन सब दस्तूरों से मुक्त है, जो आवश्यक हैं..

**अंकलेश जाखड़**

ना जाने क्यों, ,मुझे हमेशा से ही घटनाओं से अधिक विचारों पर बात करना रोचक और अर्थपूर्ण लगता है .यही वजह है कि यदा कदा उन विचारों को ,जो मुझे आज के समय के हिसाब से प्रासंगिक और समय की जरूरत महसूस होते हैं, को मेरे अपने भावों में समेटकर , शब्दों के माध्यम से उन लोगों के साथ साथ साझा कर लेती हूँ, जिनसे बेहतर समझ और तर्क की उम्मीद होती है.

इसी सोच के साथ ,आज मैं आपके साथ जिस विचार और भाव की बात साझा कर रही हूँ, वो विचार हम सब इंसानों के लिए, खुद को इंसान सिद्ध करने के लिए ना केवल आवश्यक है बल्कि इंसान होने का प्राथमिक गुण भी है . बात को लंबी खींचने की बजाय, अपने मत को सिद्ध करने की दिशा में हम सीधे रुख करते हैं ज़ेहरा निगाह की प्रसिद्ध नज़्म जिसका शीर्षक है-

**‘सुना है जंगलों का भी कोई दस्तूर होता है’**

यह नज़्म बहुत खूबसूरत और अर्थपूर्ण है, इसलिए मुझे लगा कि सबके साथ यह कविता साझा करनी चाहिए . कविता का शीर्षक, कविता की प्रथम पंक्ति से लिया गया है प्रत्येक पंक्ति अपने आप में एक विशिष्ट है किंतु सम्पुर्ण भाव को सिद्ध करने के लिए सहायक पंक्ति की जरूरत महसूस होती है, इसीलिए पूरी कविता ,जो कुछ इस तरह से है आपके लिए प्रस्तुत है.

सुना है जंगलों का भी कोई दस्तूर होता है

सुना है शेर का जब पेट भर जाए

तो वो हमला नहीं करता

दरख़्तों की घनी छाँव में जा कर लेट जाता है

हवा के तेज़ झोंके जब दरख़्तों को हिलाते हैं

तो मैना अपने बच्चे छोड़ कर

कव्वे के अंडों को परों से थाम लेती है

**सुना है घोंसले से कोई बच्चा गिर पड़े**

तो सारा जंगल जाग जाता है सुना है जब किसी नद्दी के पानी में बए के घोंसले का गंदुमी रंग लरज़ता है तो नद्दी की रुपहली मछलियाँ उसको पड़ोसन मान लेती हैं कभी तूफ़ान आ जाए, कोई पुल टूट जाए, तो किसी लकड़ी के तख़्ते पर गिलहरी, साँप, बकरी और चीता साथ होते है सुना है जंगलों का भी कोई दस्तूर होता है खुदावंदा! जलील ओ मो’तबर! दाना ओ बीना! मुंसिफ़ ओ अकबर! मिरे इस शहर में अब जंगलों का ही

**कोई क़ानून नाफ़िज़ कर!**

मैं आपको बता दूँ कि ज़ेहरा निगाह एक प्रसिद्ध उर्दू कवयित्री और लेखिका हैं। उनका जन्म 14 मई 1936 को भारत के हैदराबाद में हुआ था और विभाजन के बाद उनका परिवार पाकिस्तान चला गया।

वह 1950 के दशक में उन दो महिला कवयित्रियों में से एक थीं जिन्होंने पुरुषों के वर्चस्व वाले उर्दू काव्य जगत में अपनी पहचान बनाई। वर्तमान में प्रसिद्ध कवयित्री ज़ेहरा निगाह कराची, पाकिस्तान में रहती हैं। इस बात का उल्लेख इसलिए आवश्यक है कि यह कविता उन्होंने पाकिस्तान के उन हालातों को मध्य नजर रखते हुए लिखी होगी, जो इंसानियत और उनके मुल्क के लिए बेहद चिंता जनक रहें होगें. ज़ेहरा निगाह ने मुख्य रूप से जो नज़्म और ग़ज़ल के रूप में कविताएँ लिखी वो यथार्थ के बहुत नजदीक हैं.उनकी कविताओं में स्त्रीवादी दृष्टिकोण, सामाजिक और राजनीतिक मुद्दे, मानवीय भावनाएँ और दैनिक जीवन



के अनुभवों की अनुभूति होती है.सरल और सहज लेखन शैली में गहराई और मार्मिकता की ऐसी अभिव्यक्ति जो किसी भी इंसान के हृदय तक पहुँचे बैगर रह ही नहीं सकती.

इस कविता का एक एक शब्द उस हकीकत से होकर गुजर रहा है जिसका सामना देश दुनिया में, हम इंसान सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर रोज करते हैं, और कुछ इस तरह के माहौल में कर रहे हैं जो हर मानवीय दस्तूर के बंधन से मुक्त है और भयावह भी है. यदि मैं स्त्री की बात करूँ तो आज वह उस दस्तूर से मुक्त है जिस दस्तूर में उसके मन में करुणा , दया और प्रेम का भाव पनपता है. मैं पुरुष की बात करूँ तो वह हर उस दस्तूर से मुक्त है , जिसमें महिलाओं के मान की रक्षा की जाए. इन सबसे बढ़कर मैं यदि राजनीति की बात करूँ तो राजनेता हर उस भाव से मुक्त है जिसमें उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी अपने क्षेत्र की जनता के प्रति होती है. मालिक नौकर के प्रति संवेदना के भाव से मुक्त है और व्यापारी अपनी तिजोरी भरने के चक्कर में गरीब की रोटी के भाव से मुक्त है.

पंथ अपने समकक्ष पंथ की विशेषताओं से युक्त होते हुए भी हम जैसे मंदबुद्धि लोगों की वजह से सहीष्णुता से मुक्त हो रहा हैं.इन सबसे बढ़कर भारत जैसे लोकतंत्र में सत्ता पक्ष संविधान के उस लोककल्याणकारी दस्तूर से मुक्त है जिसमें जनता का कल्याण निहित होता है. और तो और हमारे प्रधानमंत्री जी तो भी उस नैतिक जबबदेही से मुक्त हैं, जो जनता और देश के प्रति होती हैं. ईमान इतना बेईमान हो गया है कि ईमानदारी के दस्तूर से मुक्त हो चला है. एक कदम आगे बढ़ाकर मैं ,मेरे जैसी उदासीन आवाम की बात करूँ तो वो उस देशभक्ति के दस्तूर से मुक्त है, जिसमें देश के प्रति जिम्मेदारी का भाव और देश प्रेम निहित होता है. मुक्ति के रास्ते पर क्या नेता, क्या अभिनेता, क्या आम ,क्या खास, क्या एक क्या अनेक ,सब उस रास्ते से दूर हैं जिसमें सही को सही और गलत को गलत मानने का दस्तूर होता है. आज धर्म शांतिपूर्ण सह- अस्तित्व के भाव की स्वीकृति से मुक्त है, और अमीर, गरीब तबके के हितों की पैरवी से भी मुक्त है. संक्षेप में कहूँ तो हम हर उस दस्तूर से मुक्त होने के कगार पर हैं जो हमारी आत्मा में परमार्थ का भाव पैदा करने के लिए आवश्यक है.

कविता की कुछ पंक्तियाँ,जिनके माध्यम से आपदा के समय जीवों के साथ आने की बात कही गई हैं और यह भाव संकट के समय एकजुटता और सहयोग की बात करता है। पर हम इंसान तो इस भाव से ही मुक्त हैं. यहाँ कविता की ये पंक्तियाँ लिखना इसलिए आवश्यक हो जाता हैं,कि मैं कोशिश करके भी उन शब्दों को अन्य शब्दों से प्रतिस्थापित नहीं कर सकती जो मूल भाव को दर्शाते हैं.

‘कभी तूफ़ान आ जाए, कोई पुल टूट जा, तो किसी लकड़ी के तख़्ते पर गिलहरी साँप, बकरी और चीता साथ होते हैं ‘

कविता की उपरोक्त पंक्तियों में जंगल का वो खूबसूरत दस्तूर साफ़ नज़र आ रहा है जिसमें मुसीबत और तूफ़ान के वक्त सब जानवर एक ही लकड़ी को, जीवन की उम्मीद का सहारा बना लेते हैं ताकि कम साधनों में संगठित होकर अपनी जीवन रक्षा के उपाय खोजे जा सके .

और मैं इसके आगे की पक्तियों की बात करूँ तो यह कहना उचित ही होगा कि ईश्वर की श्रेष्ठ रचना या खूबसूरत कृति

जिसे मानव कहा जाता है, उसका दस्तूर इस कदर विकृत हो गया है कि यहाँ जंगल का दस्तूर लागू करने की गुजारिस बड़ी मार्मिकता और बोझिल मन से, उम्मीद की किरण के रूप में निम्नलिखित पंक्तियों के माध्यम से की गई है.

‘सुना है जंगलों का भी कोई दस्तूर होता है खुदावंदा! जलील ओ मो’तबर! दाना ओ बीना! मुंसिफ़ ओ अकबर!

मिरे इस शहर में अब जंगलों ही का कोई क़ानून नाफ़िज़ कर!

जेहरा निग़ाह जी की तरह मैं भी ईश्वर से प्रार्थना करती हूँ कि मेरे शहर और मेरे मुल्क में भी ,जंगलों के इन्हीं नियमों को लागू किया जाए, जहाँ जंगल की तर्ज पर ही शांति, सहयोग और मानवीयता का बोलबाला हो। आधुनिक समाज की क्रूरता, स्वार्थ ,अव्यवस्था तथा राजनीति के सबसे घिनोने पक्ष से यह मुल्क मुक्त हो . हम सब देश हित में, जंगल के आदर्शों के आयाम के, माध्यम से एक बेहतर आयाम स्थापित करके, आवाम के हितों की रक्षा का उपाय तलाश कर यथासंभव उचित स्तर पर जीवन के खूबसूरत दस्तूर जिसमें प्रेम ,दया और जिम्मेदारी निहित हो, को अपने चरित्र में लागू करें...

---

# शोक का शिष्टाचार, क्या सोशल मीडिया ने दुख की भाषा बदल दी है

सार्वजनिक शोक कई बार रणनीतिक माना जाता है- सहानुभूति, या सांस्कृतिक निकटता का निमंत्रण। कुछ लोग शोक सामग्री की इस नई लहर को ‘प्रदर्शनकारी शोक’ कहते हैं, क्योंकि ये ‘लाइक’ की गिनती संभावित रूप से ज्यादा लोगों को अपने साथ जोड़ने या कुछ मामलों में पैसे भी दिला सकती है। जब 26 जनवरी, 2020 को अमेरिका के मशहूर बास्केटबाल खिलाड़ी कोबे ब्रायंट की मृत्यु हुई, तो सोशल मीडिया मानो एक विशाल स्मारक बन गया, लेकिन शोक मनाने वालों की आलोचना हुई। कहा गया कि आप एक ऐसे बास्केटबाल खिलाड़ी के बारे में आनलाइन क्यों आंसू बहा रहे हैं, जिसे आप निजी तौर पर जानते तक नहीं! मगर जो लोग सचमुच दुख का इजहार करने की कोशिश करते हैं, उनके लिए आनलाइन माहौल अक्सर भ्रामक बन जाता है।

सच्चे दुख को कई बार संदेह, आलोचना या इस धारणा से देखा जाता है कि यह सब दिखावा है। सोशल मीडिया तुलना और प्रतिस्पर्धा को जन्म दे सकती है, जो आनलाइन शोक तक भी फैल जाती है। कौन ज्यादा बेहतर शोक मना रहा है, किसने सबसे अच्छा श्रद्धांजलि संदेश लिखा, किसने सबसे अच्छी तस्वीर पोस्ट की, कौन सबसे ज्यादा करीब था..! आनलाइन शोक के सामाजिक पदानुक्रम को समझना थोड़ा मुश्किल है। बहुत जल्दी या बहुत बार पोस्ट करने से यह आभास हो सकता है कि कोई व्यक्ति मृतक के उतने करीब नहीं था, जितना दूसरे सोचते हैं।

निजी तौर पर दोस्तों के बीच संवेदनशील बातचीत होती थी, जहां दुख वास्तविक लगता था। मगर आनलाइन की दुनिया में सब कुछ बदल गया है। सोशल मीडिया के मंचों पर शोक बनावटी महसूस होता है। यह वास्तविक दुख से ज्यादा धारणा प्रबंधन जैसा लगता है। पश्चिमी संस्कृति में खुले तौर पर दुख व्यक्त करना अक्सर नापसंद किया जाता है, लेकिन अन्य संस्कृतियों में दुख सामुदायिक होता है।

एशिया प्रशांत क्षेत्र में सार्वजनिक रूप से शोक मनाना यह दर्शाता है कि व्यक्ति उस समुदाय का हिस्सा है। जैसे-जैसे युवा पीढ़ी शयनकक्ष और निजी बातचीत से सार्वजनिक तौर पर सोशल मीडिया पर दुख को स्थानांतरित कर रही है, मृत्यु या किसी बुरी घटना के बारे में बातचीत सार्वजनिक चौराहे पर लौट रही है। कुछ मायनों में, अगर हम अपने दुख के बारे में कोई टिप्पणी नहीं करते हैं, तो यह ऐसा है- क्या आपको परवाह भी थी?

संचार के डिजिटल तरीकों की अवैयक्तिक प्रकृति ने जताई जा रही सहानुभूति की गहराई और ईमानदारी को लेकर भी चिंताएं पैदा की हैं। भौतिक मौजूदगी की कमी और गलत संचार या संवाद की संभावना से व्यक्ति तब अलग-थलग या बेसहारा महसूस कर सकता है, जब उसे सबसे ज्यादा दया और समझ की जरूरत होती है। दुख और सहानुभूति जताने में सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन इसे अभी तक ज्यादा पारंपरिक तरीकों की पूरी तरह से जगह नहीं माना जाता है।

पिछले एक दशक में सोशल मीडिया ने मृत्यु और शोक से जुड़ी पारंपरिक वर्जनाओं को चुनौती दी है, जिससे निजी अनुष्ठान सार्वजनिक, सुलभ दुख की अभिव्यक्तियों में बदल गए हैं। हालांकि डिजिटल शोक निजी भावनाओं को सार्वजनिक रूप से साझा करने से शोक मानदंडों पर खरा उतर रहा है या नहीं, यह बहस का विषय बन चुका है।

ऐसा लगता है कि सोशल मीडिया ने शोक की प्रक्रिया का लोकतंत्रीकरण कर दिया है, जिससे कोई भी किसी खास व्यक्ति की मौत के बारे में अपनी भावनाएं व्यक्त कर सकता है। कुछ लोग मानते हैं कि यह एक तरह का भाव-विरेचन या विरोध है, लेकिन ज्यादातर लोग इसे सांस्कृतिक गिरावट का एक संकेत मानते हैं। मौत का जश्न मनाना (यहां तक कि एक अनैतिक जीवन जीने वाले व्यक्ति की मौत का भी) मृतक और ऐसे उल्लास में भाग लेने वालों दोनों को अमानवीय बनाने का जोखिम लिए होता है। शोक संदेशों में तथ्यों को सम्मान के संतुलित लहजे के साथ मिलाया जाता रहा है। यहां तक कि जब मृतक बहुत नेक नहीं था, तब भी शोक संदेश लिखने वाले अक्सर इस कहावत का पालन करते थे कि मृतक के बारे में कुछ भी बुरा न कहें। मृतक के बारे में अच्छा ही कहें।

मौत खुद एक निश्चित विनम्रता की मांग करती है। ऐसे मृत लोग (खासकर प्रसिद्ध या शक्तिशाली) प्रतीक बन जाते हैं- शक्ति, असफलता, आशा या पाखंड के...। उनका निधन न केवल यह परिभाषित करने का अवसर बन जाता है कि वे कौन थे, बल्कि यह भी कि समाज उनकी याद में किस चीज को महत्त्व देना या बुरा कहना चुनता है। सोशल मीडिया ध्यान आकर्षित करने की प्रवृत्ति पर चलता है।

शोक संदेश जीवन के योगदानों का लेखा-जोखा रखने या कम से कम गरिमा के साथ उसके अंत को स्वीकार करने का होता है, हिसाब बराबर करने का जरिया नहीं। मृतक के कार्यों की परवाह किए बिना गंभीरता और सम्मान की उम्मीद आज के शोर मचाते मीडिया वाले माहौल में बेतुकी है, जहां हर मौत सुर्खियों में आई चर्चा का एक अवसर है।

हमें सुविधा और करुणा के बीच की पतली रेखा को समझना होगा। जब कोई, जिसकी हम परवाह करते हैं, किसी मुश्किल समय से गुजर रहा होता है, जैसे किसी प्रियजन को खोना, तो यह स्वाभाविक है कि हम अपना समर्थन और संवेदनाएं देना चाहें। फिर भी मानवीय स्वभाव है कि हम ऐसी स्थितियों से दूर रहें, जो मुश्किल या असहज लगती हैं- खासकर जब हमें यकीन न हो कि क्या कहना है।

---

# फ्रांस से ‘विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी’

**नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच मंगलवार को मुंबई में हुई वार्ता के दौरान बनी सहमति के बाद इक्कीस समझौतों को स्वीकृति दी गई। इस साझेदारी को वैश्विक स्थिरता और रणनीतिक दृष्टिकोण से कई मायनों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे न केवल द्विपक्षीय व्यापार और आधुनिक प्रौद्योगिकी के आदान-प्रदान में संभावनाओं के नए द्वार खुलेंगे, बल्कि रक्षा के मोर्चे पर भी भारत की स्थिति मजबूत होगी।**

बदलते दौर में भू-राजनीतिक उथल-पुथल और अनिश्चितताओं के बीच भारत आर्थिक एवं रणनीतिक स्तर पर सहयोग बढ़ाने के लिए विभिन्न देशों के साथ साझेदारी को और व्यापक बनाने की राह पर आगे बढ़ रहा है। ब्रिटेन, यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों के बाद भारत ने अब फ्रांस के साथ द्विपक्षीय संबंधों को ‘विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी’ में बदल दिया है। इसके तहत दोनों देशों ने रक्षा, व्यापार और निवेश समेत कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया है।

नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच मंगलवार को मुंबई में हुई वार्ता के दौरान बनी सहमति के बाद इक्कीस समझौतों को स्वीकृति दी गई। इस साझेदारी को वैश्विक स्थिरता और रणनीतिक दृष्टिकोण से कई मायनों में महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे न केवल द्विपक्षीय व्यापार और आधुनिक प्रौद्योगिकी के आदान-प्रदान में संभावनाओं के नए द्वार खुलेंगे, बल्कि रक्षा के मोर्चे पर भी भारत की स्थिति मजबूत होगी।

पिछले दिनों भारत ने ब्रिटेन और ओमान के साथ व्यापार समझौते किए थे

पिछले दिनों भारत ने ब्रिटेन और ओमान के साथ व्यापार समझौते किए थे। उसके बाद न्यूजीलैंड और फिर यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया गया। हाल में भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते का एलान किया गया, जिसके परिणामस्वरूप अमेरिका ने भारत पर लगाए गए पचास फीसद शुल्क को घटाकर अठारह फीसद कर दिया। इसमें दोराय नहीं कि अमेरिका की ओर से भारत पर भारी-भरकम शुल्क लगाए जाने के बाद देश का निर्यात कारोबार प्रभावित हुआ।

इस संकट से निपटने के लिए भारत ने अपने उत्पादों के वास्ते दुनिया के विभिन्न देशों में वैकल्पिक बाजार तलाशने की हरसंभव कोशिश की तथा व्यापार समझौतों की शक्ल में उसके सफल नतीजे भी सामने आए। अब फ्रांस के साथ विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी से भारत के व्यापार, प्रौद्योगिकी और रक्षा क्षेत्र में सशक्तीकरण की संभावनाओं को और बल मिलेगा। भारत और फ्रांस ने परस्पर निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष समझौता किया है, जिससे दोनों देशों के नागरिकों और कंपनियों को अब दोहरा कर नहीं देना पड़ेगा। इससे द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और आवागमन को नई गति मिलेगी।

गौरतलब है कि फ्रांस की मदद से कर्नाटक के वेमागल में एयरबस एच-125 हेलिकाप्टरों के निर्माण के लिए कलपुर्जों को जोड़ने का कारखाना भी स्थापित किया गया है, जहां अब काम शुरू हो गया है। यहां दुनिया के ऐसे शक्तिशाली हेलिकाप्टर का निर्माण किया जाएगा, जो विश्व की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई तक उड़ान भरने में सक्षम होगा।

द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए भारत और फ्रांस के बीच ‘हैमर’ मिसाइलों के उत्पादन को लेकर भी अहम समझौता हुआ है। इसके तहत भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड और फ्रांसीसी रक्षा कंपनी सैफरान संयुक्त उद्यम स्थापित करेगी। यह सच है कि फ्रांस, भारत के सबसे पुराने रणनीतिक साझेदारों में से एक है और अब दोनों देशों के बीच सहयोग का नया अध्याय शुरू हो रहा है।

विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी की पहल फ्रांस की विशेषज्ञता और भारत की विशाल क्षमता को एक साथ लाने का प्रयास है और इससे निश्चित तौर पर भारत की विनिर्माण एवं निर्यात क्षमताओं में इजाफा होगा।

यह भी पढ़ें- हम बनाएंगे एवरेस्ट के ऊपर उड़ने वाला हेलीकॉप्टर

भारत दौरे पर आए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुंबई में मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं की साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस भी हुई। फ्रांसिसी राष्ट्र प्रमुख इमैनुअल मैक्रों से बातचीत और साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम मोदी ने कहा है कि अब ऐसे हेलीकॉप्टर बनाए जाएंगे, जो कि माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई पर भी उड़ सकेगा।

---

# अधिकार और अपनों का फायदा, जब भाई-भतीजावाद पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त नजर पड़ी

**हरियाणा सरकार की एक आवासीय समिति में इसी का तरह मामला सामने आया है, जहां मानदंडों को दरकिनार कर पात्र व्यक्तियों की बजाय शासी निकाय के एक सदस्य और उनके अधीनस्थ को आवास आबंटित कर दिए गए।**

राजनीति से लेकर सरकारी तंत्र तक, हर जगह भाई-भतीजावाद की प्रवृत्ति अक्सर देखने को मिलती है। इससे न केवल योग्य प्रतिभाएं हाशिए पर चली जाती हैं, बल्कि पात्र नागरिकों के अधिकारों का हनन भी होता है। साथ ही इससे सामाजिक और संस्थागत विकास का न्यायिक पक्ष भी कमजोर होता है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचाता है।

हरियाणा सरकार की एक आवासीय समिति में इसी का तरह मामला सामने आया है, जहां मानदंडों को दरकिनार कर पात्र व्यक्तियों की बजाय शासी निकाय के एक सदस्य और उनके अधीनस्थ को आवास आबंटित कर दिए गए।

**सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय को पक्षपातपूर्ण बताया**

सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को इस मामले में आवास का आबंटन रद्द करते हुए कहा कि यह निर्णय पक्षपातपूर्ण और आवासीय समिति के खुद के पात्रता मानदंडों का उल्लंघन करता है। साथ ही कहा कि इस तरह का भाई-भतीजावाद और खुदगर्जी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अभिशाप की तरह है।

गौरतलब है कि सरकारी आवासीय समितियों में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार के मामले पहले भी सामने आते रहे हैं। कई मामले तो ऐसे होते हैं, जो उजागर ही नहीं हो पाते, क्योंकि दूसरा पक्ष कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होता है।

ऐसे में इन समितियों में अपने करीबियों को नियमों के विपरीत लाभ पहुंचाने का खेल चलता रहता है। यही वजह है कि सर्वोच्च न्यायालय को भी यह कहना पड़ा कि भाई-भतीजावाद और स्वार्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रतिकूल है, विशेषकर तब जब यह ऐसे समाज के भीतर हो, जिसमें सरकारी सेवा के सदस्य शामिल हों और जो पारदर्शी आबंटन प्रक्रिया के माध्यम से आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने का दावा करता हो।

निस्संदेह आवासीय समितियों में भ्रष्टाचार और पक्षपात गंभीर समस्या है। इन समितियों के लेखा परीक्षण में लापरवाही, चुनाव कराने में देरी और दस्तावेजों में हेराफेरी किसी से छिपी नहीं है।

अफसोसनाक है कि आवासीय समितियों से संबंधित सरकारी अधिकारी भी कई बार इस तरह की हेराफेरी को नजरअंदाज कर देते हैं। शीर्ष अदालत का यह फैसला और टिप्पणी उन सभी आवासीय समितियों के लिए चेतावनी है, जहां आवास आबंटन प्रक्रिया में नियमों का पालन नहीं किया जाता है।

यह भी पढ़ें- शक्तियों और अधिकार का घोर दुरुपयोगः सुप्रीम कोर्ट ने रद्द किया फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने भाई-भतीजावाद और खुदगर्जी को लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अभिशाप बताते हुए हरियाणा सरकार की एक आवासीय समिति द्वारा शासी निकाय के एक सदस्य और उनके अधीनस्थ को दो फ्लैटों का आबंटन रद्द कर दिया है।



# भारत- बीसीसीआई से रिश्ते सुधारना चाहता है बांग्लादेश

## नए स्पोर्ट्स मिनिस्टर बोले- पड़ोसी देशों के साथ दोस्ताना रिश्ते बनाने की मंशा

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के नए स्पोर्ट्स मिनिस्टर अमीनुल हक बीसीसीआई और भारत के साथ रिश्ते सुधारना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वे इस मुद्दे को जल्दी सुलझाना चाहते हैं। उन्होंने बांग्लादेश के मौजूदा टी-20 वर्ल्ड कप में हिस्सा न लेने का जिक्र किया।हक ने कहा- शपथ लेने के बाद मैं पार्लियामेंट बिल्डिंग में भारत के डिप्टी हाई कमिश्नर से मिला। मैंने उनसे टी-20 वर्ल्ड कप पर बात की। यह एक अच्छी बातचीत थी। मैंने उनसे कहा कि हम इस मुद्दे को बातचीत से जल्दी सुलझाना चाहते हैं क्योंकि हम अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ दोस्ताना रिश्ते बनाए रखना चाहते हैं। इस टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश को अपने मुकाबले मुंबई और कोलकाता में खेलने थे। हालांकि, सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए टीम ने भारत दौरे पर आने से इनकार कर दिया। इसके बाद आईसीसी ने बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में शामिल करने का फैसला किया था।




**पीएम मोदी ने तारिक रहमान को जीत की बधाई दी थी**

इससे पहले 13 फरवरी को पीएम नरेंद्र मोदी और रहमान के बीच पहली फोन बातचीत हुई थी। मोदी ने तारिक रहमान को जीत की बधाई दी थी। उन्होंने कहा कि वे दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत करने और साझा विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए साथ काम करने को उत्सुक हैं।बीएनपी ने एक्स पर एक पोस्ट में मोदी के बधाई संदेश के लिए धन्यवाद दिया। पार्टी ने कहा, 'हम भारत के साथ रचनात्मक तरीके से जुड़ने को तैयार हैं। हमारा रिश्ता आपसी सम्मान, एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता और क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि की साझा प्रतिबद्धता से आगे बढ़ेगा।'

# कतर ओपनः कार्लोस अल्काराज का क्वार्टर फाइनल में करेन खाचानोव से होगा मुकाबला

**दोह।** कार्लोस अल्काराज ने वैलेंटिन रॉयर पर सीधे सेटों में 6-2, 7-5 से जीत के साथ कतर ओपन के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। दूसरे सेट में एक समय अल्काराज का स्कोर 2-5 था, लेकिन इसके बाद लगातार 5 गेम जीतते हुए उन्होंने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। जीत के बाद अल्काराज ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं कि मैं फिर से अच्छी रिदम और अच्छा टेनिस खेल पाया। मैं टेनिस जानता हूं। यह सिर्फ एक अंक के बारे में है, और कभी-कभी सेट या मैच खत्म करना वाकई मुश्किल होता है। मैं झूठ नहीं बोलूंगा, कुछ पल ऐसे थे जब मैंने तीसरे सेट के बारे में सोचा। मुझे खुशी है कि मैंने इसे पलट दिया और सीधे सेटों में जीत हासिल की।' क्वार्टर फाइनल में अल्काराज का मुकाबला करेन खाचानोव से होगा। सातवीं सीड



खाचानोव ने बुधवार को मार्टन फुकसोविक्स को 6-2, 4-6, 6-4 से हराया था। खाचानोव 2024 में कतर ओपन के चैंपियन रहे थे।

अल्काराज अब आउटडोर हार्ड कोर्ट पर 27 मैचों की जीत की स्ट्रीक पर हैं। यह सिलसिला पिछले अगस्त में सिनसिनाटी ओपन में उनके टाइटल जीतने के बाद शुरू हुआ था।

ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीतकर सबसे कम उम्र में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने की उपलब्धि हासिल करने वाले 22 साल के अल्काराज अपने पहले कतर ओपन खिताब की तलाश में हैं। वह एक साल पहले इवेंट डेब्यू पर क्वार्टर फाइनल स्टेज में जिरी लेहेका से हार गए थे।

अल्काराज के ड्रॉ के हाफ में दूसरा क्वार्टर फाइनल पांचवें सीड और डिफेंडिंग चैंपियन एंड्री रुबलेव का मुकाबला स्टेफानोस सिटसिपास से होगा। रुबलेव ने फैबियन मारोजसन को 6-2, 6-4 से हराया, जबकि पूर्व विश्व नंबर 3 सिटसिपास चौथे सीड डेनियल मेदवेदेव को 6-3, 6-4 से हराकर 10 महीने में अपने पहले टूर-लेवल क्वार्टर-फाइनल में पहुंचे।

# क्रिकेट मैच के दौरान मधुमक्खियों का हमला, अंपायर की मौत

उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में क्रिकेट मैच के दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया, जिसमें 65 वर्षीय अंपायर मणिक गुप्ता की मौत हो गई, जबकि 15 से 20 खिलाड़ी घायल हो गए। यह घटना बुधवार शाम शुक्लागंज क्षेत्र के सप्रू मैदान में हुई।

पुलिस के मुताबिक, कानपुर निवासी मणिक गुप्ता मैच में अंपायरिंग कर रहे थे, तभी अचानक मधुमक्खियों का झुंड मैदान पर मौजूद खिलाड़ियों और अधिकारियों पर टूट पड़ा। हमले के बाद मैदान में अफरातफरी मच गई और खिलाड़ी व दर्शक जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मधुमक्खियों के डंक से मणिक गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए और बेहोश होकर गिर पड़े। उन्हें पहले शुक्लागंज के एक निजी अस्पताल ले जाया गया,



लेकिन हालत बिगड़ने पर कानपुर के लाला लाजपत राय अस्पताल रेफर किया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि एक अन्य अंपायर और करीब 15-20 खिलाड़ियों को भी मधुमक्खियों ने डंक मारा, जिनका इलाज कराया गया।

**क्रिकेट संघ ने जताया शोक**

कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष एस. एन. सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा, 'उन्नाव में क्रिकेट मैच के दौरान मधुमक्खियों के हमले में अंपायर मणिक गुप्ता का निधन हो गया। जब उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था, तब भी मधुमक्खियां उनके चेहरे और शरीर से चिपकी हुई थीं, जिससे हमले की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है।' उन्होंने आगे कहा, 'संघ इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता है।'

**जांच और सुरक्षा पर सवाल**

घटना के बाद स्थानीय प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मैदान के आसपास मधुमक्खियों का छत्ता होने की संभावना जताई जा रही है। इस दुखद हादसे ने खेल आयोजनों में सुरक्षा व्यवस्था और आपातकालीन तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# वेस्टइंडीज की इस टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार चौथी जीत, इटली को 42 रन से हराया

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज ने टी-20 वर्ल्डकप के 37वें मुकाबले में इटली को 42 रन से हरा दिया। वेस्टइंडीज की इस वर्ल्डकप में यह लगातार चौथी जीत है। गुरुवार को दिन के पहले मैच में इटली ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 165 रन बनाए हैं। जवाब में इटली 18 ओवर में 123 रन पर ऑलआउट हो गई। ग्रुप-सी का यह आखिरी मुकाबला था।

166 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी इटली के लिए बेन मैनेंटी ने 26,



जेजे स्मट्स ने 24, एंथोनी मोस्का ने 19 और ग्रांट स्टीवर्ट ने 12 रन बनाए। बाकी 7 बैटर्स दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके। वेस्टइंडीज के लिए शमार जोसेफ ने 4, मैथ्यू फोर्ड ने 3 और गुडाकेश मोती ने 2 विकेट लिए। अकील हुसैन को भी 1 विकेट मिला।

वेस्टइंडीज के लिए शाई होप ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 46 बॉल पर 75 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इसके अलावा, रोस्टन चेज 24 और शेरफेन रदरफोर्ड ने नाबाद 24 रन बनाए। इटली के लिए क्रिशन कलुगमागे और बेन मैनेंटी ने 2-2 विकेट लिए। अली हसन और थॉमस ड्राका को 1-1 विकेट मिला।

## व्यापार

# बिना अनुमति देश छोड़कर नहीं जाऊंगा : अनिल अंबानी

### 40 हजार करोड़ के बैंक फ्रॉड केस में एससी में हलफनामा, जांच में सहयोग भी करेंगे

**नई दिल्ली।** अनिल अंबानी ने आज यानी 19 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल किया है। इसमें उन्होंने वचन दिया है कि वे अदालत की अनुमति के बिना भारत छोड़कर नहीं जाएंगे। यह हलफनामा उनके रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप की कंपनियों से जुड़ी 40,000 करोड़ रुपए की बैंक धोखाधड़ी की जांच के बीच आया है।

अंबानी ने अदालत को यह भी भरोसा दिलाया है कि वे ईडी और सीबीआई द्वारा की जा रही जांच में पूरी तरह से सहयोग करेंगे। ये दोनों एजेंसियां अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप की कंपनियों के खिलाफ जांच कर रही हैं।



वकील मुकुल रोहतगी की तरफ से किए मौखिक वादे की पुष्टि मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अनिल अंबानी ने अपने हलफनामे में आधिकारिक तौर पर उस अंडरटेकिंग (वचन) को अपना लिया है, जो उनकी ओर से सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने 4 फरवरी को कोर्ट में पेश की थी। तब रोहतगी ने अदालत को मौखिक रूप से आश्वस्त किया था कि अंबानी देश छोड़कर नहीं जाएंगे। अब लिखित हलफनामा दाखिल होने के बाद यह कानूनी रूप से जरूरी हो गया है।

बैंक अधिकारियों की भूमिका की भी होगी जांच सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच एजेंसियों को कड़े निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा है कि एजेंसियां इस बात की भी तुरंत जांच करें कि क्या बैंक अधिकारियों की इस धोखाधड़ी में कोई मिलीभगत थी।

जांच में फंड्स के गलत इस्तेमाल का खुलासा श्वष्ठ ने अब तक की अपनी जांच में पाया है कि रिलायंस होम फाइनेंस और रिलायंस कॉमर्शियल फाइनेंस में बड़े पैमाने पर फंड्स का गलत इस्तेमाल हुआ। 2017 से 2019 के बीच यस बैंक ने आरएचएफएल में 2,965 करोड़ और ऋस्नरु में 2,045 करोड़ का इन्वेस्टमेंट किया था।


दिसंबर 2019 तक ये अमाउंट नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स बन गए। क्रास्नरु का 1,353 करोड़ औरक आरसीएफएल का 1,984 करोड़ अभी तक बकाया है।

# एआई समिट से पीछे हटे बिल गेट्स, एपस्टीन केस की फाइलों में नाम आने पर लिया फैसला

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स नई दिल्ली में चल रही-ढ्ढ समिट में अपना मुख्य भाषण नहीं देंगे। गेट्स फाउंडेशन ने इसकी जानकारी दी। फाउंडेशन ने कहा कि यह फैसला काफी सोच-विचार के बाद लिया गया है ताकि समिट का पूरा ध्यान अपनी प्राथमिकताओं पर बना रहे। फाउंडेशन ने बताया कि समिट में बिल गेट्स की जगह अब अंकुर वोरा फाउंडेशन का पक्ष रखेंगे। अंकुर वोरा गेट्स फाउंडेशन के अफ्रीका और भारत कार्यालयों के प्रेसिडेंट हैं। वे आज समिट के एक सत्र में अपनी बात रखेंगे। अंकुर वोरा फाउंडेशन के कामों को लंबे समय से देख रहे हैं।

**एपस्टीन केस से जुड़े दस्तावेजों में नाम आने पर हटे गेट्स**

बिल गेट्स के समिट से हटने से वजह अमेरिकी अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े दस्तावेजों में आए



उनके नाम को बताया जा रहा है। इन गुप्त दस्तावेजों को हाल ही में जारी किया गया है। एपस्टीन पर यौन अपराधों और नाबालिगों की तस्करी के गंभीर आरोप थे।

2019 में आत्महत्या के बाद, उससे जुड़े कई क्लासीफाइड दस्तावेज सार्वजनिक किए गए हैं। इन फाइलों में दावा किया गया है कि एपस्टीन और गेट्स के बीच गहरे संबंध थे। एपस्टीन ने गेट्स के एक्स्ट्रा-मैरिटल अफेयर्स और अन्य निजी गतिविधियों में मदद की थी।बिल गेट्स ने एक इंटरव्यू में इन मुलाकातों पर अफसोस जताया है। उन्होंने कहा कि मैंने एपस्टीन के साथ जो भी समय बिताया, मुझे उसका पछतावा है और मैं इसके लिए माफी मांगता हूं।

**एनवीडिया सीईओ ने भी भारत दौरा टाला**

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और ओपन-एआई के सैम ऑल्टमैन जैसे दिग्गज शामिल हो रहे हैं। इसमें एनवीडिया के ष्टश्वह्र जेंसेन हुआंग भी शामिल होने वाले थे, लेकिन उन्होंने कार्यक्रम रद्द कर दिया है। कयास थे कि उनके हटने की वजह बिल गेट्स की मौजूदगी हो सकती है। हालांकि कंपनी ने कोई आधिकारिक कारण नहीं दिया है।

# चीनी रोबोट विवाद के बाद प्रोफेसर को नौकरी की तलाश, लिंक्डइन पर लिखा ओपन टू वर्क

**नई दिल्ली।** चाइनीज रोबोट को गलगोटिया यूनिवर्सिटी का इन्वेंशन बताने वाली प्रोफेसर नेहा सिंह अब नई नौकरी की तलाश में हैं। उन्होंने लिंक्डइन प्रोफाइल पर 'ओपन टू वर्क' का स्टेटस अपडेट कर दिया है। इस मामले के आने के बाद सरकार ने यूनिवर्सिटी को एआई समिट से बाहर कर दिया था।

वहीं यूनिवर्सिटी ने इस पूरे मामले के लिए प्रोफेसर को जिम्मेदार ठहराते हुए माफी मांगी है। यूनिवर्सिटी ने कहा, 'हमारी एक प्रतिनिधि को सही जानकारी नहीं थी। वे कैमरे पर आने के उत्साह में गलत तथ्य दे गईं। उन्हें प्रेस से बात करने के लिए अधिकृत भी नहीं किया गया था। '



**आईटी सचिव बोले- गलत जानकारी बर्दाश्त नहीं**

विवाद पर बात करते हुए आईटी सचिव एस. कृष्णन ने कहा, 'हम चाहते हैं कि लोग एक्सपो में जो भी प्रदर्शित करें, उसमें उनका वास्तविक काम दिखे। हम नहीं चाहते कि ऐसे आयोजनों का इस्तेमाल किसी और तरीके से किया जाए। गलत जानकारी को बढ़ावा नहीं दिया जा सकता। '

जब उनसे पूछा गया कि क्या मंत्रालय ने पहले मॉडल्स की जांच नहीं की थी, तो उन्होंने कहा, 'ये चीजें बिक्री के लिए नहीं थीं, जहां हमें सर्टिफिकेशन की जरूरत हो।

जब कोई प्रोडक्ट का डेमो देता है, तो हम मानकर चलते हैं कि उन्हें पता है वे क्या कह रहे हैं। अगर हम प्रदर्शनी की हर चीज को सर्टिफाई करने लगेंगे, तो लोग कहेंगे कि हम इनोवेशन को रोक रहे हैं। '

**वीडियो वायरल होने से शुरू हुआ विवाद**

वीडियो में यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर नेहा सिंह कह रही हैं कि इस रोबोटिक डॉग का नाम 'ओरियन' है। इसे गलगोटिया यूनिवर्सिटी के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' ने तैयार किया है। उन्होंने ये भी कहा कि यूनिवर्सिटी-ढ्ढ के क्षेत्र में 350 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है।

# सालाना 90 लाख होगा कार प्रोडक्शन, कार कंपनियां 1 लाख करोड़ लगा 65 प्रतिशत बढ़ाएंगी उत्पादन

**नई दिल्ली।** देश की पांच बड़ी कार कंपनियां अगले 5-6 साल में करीब 1 लाख करोड़ रुपए निवेश करके उत्पादन क्षमता 65% तक बढ़ाने जा रही हैं। इससे कारों का सालाना उत्पादन 55 लाख से बढ़कर 90 लाख तक पहुंच सकता है। बढ़ती मांग के बीच इससे सप्लाई बढ़ेगी, नए मॉडल आएंगे और लोकप्रिय मॉडलों के लिए इंतजार की अवधि घट सकती है।

देश की बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनियों मारुति सुजुकी इंडिया, टोयोटा फिलोस्कर मोटर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स और जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आक्रामक विस्तार की योजना बनाई है। इसके तहत भारी-भरकम निवेश से नए कारखाने खोले जाएंगे। एसयूवी, ईपी और हाइब्रिड टेक्नोलॉजी पर जोर दिया



जाएगा। इसका मतलब है कि आगामी वर्षों में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। नतीजतन अभी के मुकाबले कम कीमतों पर बेहतर फीचर वाली कारें बाजार में आ सकती हैं।

कंपनी अभी सालाना 26 लाख कारें बना सकती है। 2027 से 2030 के बीच अतिरिक्त 15 लाख कारों की उत्पादन क्षमता जोड़ेगी। गुजरात के गांधीनगर में सालाना 10 लाख कारों का नया बड़ा प्लांट लगेगा। बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच कंपनी बाजार हिस्सेदारी बचाना चाहती है।

**टोयोटा किर्लोस्कर मोटरः क्षमता दोगुनी करेगी**

टोयोटा किलोस्कर मोटर उत्पादन क्षमता दोगुनी सालाना 10 लाख कारों तक पहुंचाने जा रही है। बिदादी (कर्नाटक) प्लांट का विस्तार करेगी। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में नया बड़ा कारखाना लगाएगी। इससे फॉच्यूनर, इनोवा जैसे मॉडलों की लंबी वेटिंग कम हो जाएगी।

**महिंद्रा एंड महिंद्राः सालाना उत्पादन 7.4 लाख बढ़ाएगी**

कंगनी नागपुर में 5 लाख और चाकण में 2.4 लाख यूनिट की नई फैसिलिटी जोड़ेगी। अभी उत्पादन क्षमता सालाना 7.74 लाख कारों की है। 2030 तक इसे 15 लाख से ऊपर ले जाने का लक्ष्य है। 2027 में आने वाली कॉम्पैक्ट एसयूवी रेंज के लिए यह जरूरी है।

टाटा मोटर्स नई ईवी, एसयूवी उतारेगी कंपनी तमिलनाडु में नया प्लॉट लगाएगी। जिसमें 9,000 करोड़ रुपए लगेंगे और सालाना 2.5 लाख कारें बनेगी। मौजूदा फैक्ट्रियां सालाना 8.5 लाख तक कारें बना रही हैं।

# ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की महत्वपूर्ण पहल

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग को बढ़ावा देने के लिए व्यवसायों और आमजन को गैर जरूरी अनुपालन एवं विनियमों से राहत देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की है। राज्य सरकार भू उपयोग, भवन और निर्माण, श्रम, व्यवसायों के लिए लाइसेंस प्रक्रिया और जन उपयोगिता सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में चरणबद्धरूप से नियमों और प्रक्रियाओं का सरलीकरण करने जा रही है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास के निर्देशन में इससे संबंधित कार्य योजना को अंतिम रूप दे दिया गया है। इस कार्य योजना के अनुसार चुनिंदा श्रेणियों में उचित भूमि उपयोग के लिए भू-रूपांतरण आवश्यकताओं को समाप्त कर प्रक्रियात्मक देरी कम करने के लिए आंध्र प्रदेश में लागू की गई प्रणाली का अध्ययन किया जाएगा। जब तक निषिद्ध न हो तब तक सभी गतिविधियों की अनुमति के सिद्धांत पर मिश्रित भूमि-उपयोग विकास को स्वतः अनुमत करने के लिए बिल्डिंग बायलॉज और मास्टर प्लान में आवश्यक संशोधन पर विचार किया जा रहा है। वहीं, सहूलियत के लिए जोन-वार निषिद्ध सूचियां भी स्पष्ट रूप से परिभाषित की जाएंगी। कार्य योजना के अंतर्गत औद्योगिक क्लस्टर्स में खाली पड़ी भूमि का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने हेतु औद्योगिक क्षेत्र भूमि आवंटन नीति को उदार बनाने, औद्योगिक क्षेत्र में श्रमिकों को सस्ते आवास उपलब्ध कराने तथा अपशिष्ट उपचार और फायर सेफ्टी सिस्टम जैसे आधारभूत ढांचे के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। ऊंचाई संबंधी प्रतिबंधों और सेटबैक संबंधी प्रावधानों को तर्कसंगत बनाते हुए फायर सेफ्टी से जुड़ी ग्लोबल बेस्ट प्रैक्टिस को अपनाने के लिए बिल्डिंग बायलॉज और फायर सेफ्टी नियमों में आवश्यक बदलाव किए जाएंगे।निवेशकों को भवन और निर्माण से जुड़ी सभी अनापत्तियां जारी करने, औद्योगिक क्लस्टर्स से संबंधित सभी अप्रूवल देने और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सभी लाइसेंस जारी करने के लिए सिंगल प्वाइंट कॉन्टैक्ट के रूप में नोडल एजेंसियां नियुक्त करने पर विचार किया जा रहा है। इसके लिए वर्किंग ग्रुप बना कर विभिन्न राज्यों में अपनाए गए मॉडल्स का अध्ययन किया जाएगा। इसी प्रकार, व्यवसायों के लिए जरूरी लाइसेंस का सूचीकरण किया जाएगा, ताकि एक ही अनुपालना के लिए दोहरे लाइसेंस की जरूरत समाप्त की जा सके। इसके लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग की अध्यक्षता में ऊर्जा, नगरीय विकास, एलएसजी, श्रम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित विभिन्न विभागों के सचिवों का एक वर्किंग ग्रुप बनाया जाएगा।

## जयपुर एयरपोर्ट पर इंडिगो की 4 फ्लाइट्स रद्द : चंडीगढ़ और देहरादून जाने वाले यात्री हुए परेशान

**जयपुर।** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गुरुवार को इंडिगो एयरलाइंस की सेवाओं में अचानक आए व्यवधान ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। एयरलाइन ने संचालन संबंधी कारणों का हवाला देते हुए चंडीगढ़ और देहरादून जाने वाली अपनी चार महत्वपूर्ण फ्लाइट्स को आखिरी वक्त पर रद्द कर दिया। इस अचानक आए फैसले से एयरपोर्ट पर यात्रियों की भारी भीड़ जमा हो गई और कई लोगों की यात्रा योजना पूरी तरह गड़बड़ा गई। इन फ्लाइट्स का शेड्यूल हुआ प्रभावित इंडिगो की ओर से सबसे पहले सुबह 5 बजकर 50 मिनट पर जयपुर से चंडीगढ़ जाने वाली फ्लाइट संख्या 6श्च-7742 को कैंसिल किया गया। इसके कुछ ही देर बाद सुबह 8 बजकर 25 मिनट पर देहरादून के लिए निर्धारित फ्लाइट संख्या 6श्च-7274 को भी रद्द करने की घोषणा की गई।

संकट यहीं नहीं थमा, सुबह 9 बजकर 45 मिनट पर चंडीगढ़ जाने वाली तीसरी फ्लाइट 6श्च-7718 और दोपहर 1 बजकर 45 मिनट पर चंडीगढ़ के लिए निर्धारित चौथी फ्लाइट 6ई-7516 को भी अचानक निरस्त कर दिया गया।

# जयपुर के आरयूएचएस कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** प्रताप नगर स्थित ऋास मेडिकल कॉलेज को गुरुवार दोपहर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मेडिकल कॉलेज की ऑफिसियल आईडी पर धमकी भरा ई-मेल किया गया था। सिक्योरिटी एजेंसियों की ओर से धमकी मिलने पर मेडिकल कैंपस को खाली करवाकर सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

### ऑफिसियल आईडी पर मिला ई-मेल

एसीपी (सांगानेर) हरिशंकर शर्मा ने बताया- प्रतापनगर स्थित ऋास मेडिकल कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। हॉस्पिटल की ऑफिसियल ई-मेल आईडी पर धमकी भरा मैसेज भेजा गया।

दोपहर करीब 11 बजे धमकी भरा ई-मेल मिलने पर हॉस्पिटल प्रशासन की ओर से तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित किया गया। जिसके बाद पुलिस के साथ ही एटीएस, डॉग स्क्वायड, बीडीएस, फायर बिग्रेड, एम्बुलेंस सहित सभी सिक्योरिटी एजेंसियां मौके पर पहुंची।

### कुछ भी संदिग्ध चीज नहीं मिली

कॉलेज कैंपस में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के कैंपस को खाली करवाया। डॉग स्क्वायड की मदद से चलाए सर्च में कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली है।

# शिवाड़ मेले में गूंजी कविताओं की मधुर तान

### : घुश्मेश्वर महादेव मंदिर में देश के विख्यात कवियों ने बांधा समां

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



सवाई माधोपुर जिले के ऐतिहासिक और द्वादश ज्योतिर्लिंग के रूप में विख्यात घुश्मेश्वर महादेव मंदिर, शिवाड़ में शिवरात्रि मेले के उपलक्ष्य में आयोजित विशाल कवि सम्मेलन भक्ति और साहित्य का अनूठा संगम बना। दशहरा मैदान में घुश्मेश्वर मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में देश-विदेश के मंचों पर पहचान रखने वाले कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को देर रात तक मंत्रमुग्ध कर दिया। हास्य और व्यंग्य की फुहारें सम्मेलन की शुरुआत में विख्यात हास्य कवि मुन्ना बैट्री ने अपने समसामयिक व्यंग्यों से श्रोताओं को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। वहीं डॉ. भगवान मकरंद ने वर्तमान दौर के सोशल मीडिया के क्रेज पर कटाक्ष करते हुए जब पढ़ा– 'फेसबुक का जुनून दादाजी को चढ़ गया, प्यारा सा लगाके फोटो आईडी बनाई है...' तो दर्शकों ने जमकर तालियां बजाई।

**भक्ति और श्रृंगार का संगम**

शिवरात्रि की महिमा को मंच पर जीवंत करते हुए अमित आजाद ने पढ़ा– 'आज शंकर जी गौरा को ब्याहन चले, झूमकर आसमां गीत गाने लगे... '। गजलकार ममता मंजुला ने अपनी मखमली आवाज में 'अपने ख्वाबों की तुझको ताबीर नहीं देंगे...' के जरिए श्रोताओं को भावनात्मक अहसास कराया। राजस्थानी कवि अखिलेश अखिल ने अपनी मातृभाषा की मिठास घोलते हुए स्थानीय लोगों का दिल जीत लिया।



# जयपुर हाईवे पर स्कूल बस का एक्सीडेंट, 6 बच्चे घायल

### अनियंत्रित हुई स्लीपर बस टकराई

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जयपुर-नागौर फलोदी मेगा हाईवे पर गुरुवार सुबह स्कूल बस का एक्सीडेंट हो गया। रोड पर गड्?ढो से अनियंत्रित हुई स्लीपर बस ने स्कूल बस को टक्कर मार दी। हादसे के दौरान 11 हजार केवी का बिजली पोल टूटकर स्कूल बस पर गिर गया। फुलेरा थाना पुलिस ने हादसे में घायल 6 बच्चों को प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट करवाया। बिजली बंद होने के कारण बड़ा हादसा होने से टल गया।

पुलिस ने बताया- हादसा सुबह करीब 7:30 बजे फुलेरा में खतवाडी मोड पर हुआ। एक स्लीपर बस में सवार होकर लोग फरीदाबाद से मकराना शादी में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान जयपुर-नागौर फलोदी मेगा हाईवे पर खतवाडी मोड पर एक स्कूल की बस बच्चों को बैठाने के लिए खड़ी थी। इसी दौरान सड़क पर हो रहे गड्?ढों के चलते जोबनेर की ओर से आ रही स्लीपर बस अनियंत्रित हो गई। जिसके कारण स्लीपर बस रोड किनारे लगे 11 हजार केवी के पोल से जा टकराई।

# पहले की सरकार ने किया क्या था, कोई बता दें मुझे : राठौड़

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। राठौड़ ने कहा- पहले की सरकार ने किया क्या था, कोई बता दें मुझे। पहले की सरकार में मुख्यमंत्री कुर्सी बचाने में लगे रहे और उपमुख्यमंत्री कुर्सी की टांग खिचाई में लगे रहे।

समर्थक विधायकों को लेकर होटल में बैठे रहे। वो कहां सरकार चला रहे थे। हमारी सरकार ने 35 लाख करोड़ के एमओयू किए। इसमें से आठ हजार करोड़ के तो धरातल पर आ गए। काम हमने किया।

मदन राठौड़ ने आगे कहा- जब भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान आए तो देश-प्रदेश की जनता को सौगात दी और इस बार भी सौगात देंगे। यही कारण है कि जनता और भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 28 फरवरी को होने वाली सभा की तैयारियों का जायजा लेने राठौड़ अजमेर आए थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के बारे में राठौड़ ने कहा- ये हमारे लिए सौभाग्य की बात है और विशेष तौर से राजस्थान के लिए। प्रधानमंत्री जब कभी आते है तो वरदान साबित होता है। यहां आएंगे तो लाभ मिलेगा ही। जब वे बीकानेर आए थे, तो उन्होंने सॉइल टेस्टिंग की घोषणा की थी।

बालोतरा में एक रिफ़ाइनरी का शिलान्यास किया था। अभी बांसवाड़ा में आए तो एटोमिक एनर्जी के प्लांट का शिलान्यास किया। यह एक सरकारी प्रोग्राम है, और सरकारी अफसर जैसा ठीक समझेंगे, वैसा करेंगे।

### बजट की 80% घोषणाएं पूरी

राठौड़ ने कहा-लराजस्थान सरकार ने बजट में कई घोषणाएं की थीं। 80% से ज़्यादा काम पूरा हो चुका है। हमारी सरकार ने 2 साल में कांग्रेस ने 5 साल से कई गुना ज़्यादा काम किया। मोदी हमारे नेता हैं, और वो जो कहेंगे वो किया जाएगा। कांग्रेस लीडरलेस है और उसका कोई नेता नहीं है।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति से काम कर रही सरकार : जवाहर सिंह बेढ़म

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** राजस्थान की 16वीं विधानसभा का पंचम सत्र जारी है। गुरुवार को विधानसभा परिसर में गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने विधानसभा परिसर में मीडिया से रूबरू होते हुए कहाकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर दृढ़ता से काम कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार को किसी भी विभाग में किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार की सूचना मिलती है,

वहां संबंधित एजेंसियों द्वारा तुरंत और सख्त कार्रवाई की जाती है। उन्होंने बताया कि हाल ही में सामने आए जल जीवन मिशन घोटाले की जांच भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा की गई, जिसमें कई अधिकारियों को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया है।

जो आरोपी अब तक जांच एजेंसियों की पकड़ में नहीं आ सके हैं, उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किए गए हैं ताकि कोई भी दोषी देश छोड़कर भाग न सके। उन्होंने बताया कि जांच एजेंसियां अपने निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं के तहत कार्य कर रही हैं और जिन व्यक्तियों के खिलाफ ठोस साक्ष्य प्राप्त होंगे, उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दोहराया कि किसी भी विभाग में, किसी भी स्तर पर यदि भ्रष्टाचार पाया जाता है तो उसकी परतें खोली जाएंगी और दोषियों को जेल भेजा जाएगा।

# ऑटो रिक्शा पलटने से दो बच्चों की मौत

### 3 साल के दोनों बच्चे अपनी-अपनी मां की गोद में बैठे थ

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

डूंगरपुर। में ऑटो रिक्शा पलटने से दो बच्चों की मौत हो गई। डेढ़ महीने और 3 साल के दोनों बच्चे अपनी-अपनी मां की गोद में बैठे थे। हादसे में दोनों बच्चों की मां समेत 8 लोग घायल हो गए।

परिवार डेढ़ महीने के बच्चे की मां को डिलीवरी के बाद ससुराल छोड़ने जा रहा था। हादसा चौरासी थाना इलाके में वैजा मोड़ के पास गुरुवार दोपहर करीब 1:30 बजे हुआ।

घायलों में 5 साल की बच्ची, 5 महिलाएं और 2 पुरुष शामिल हैं।

डिलीवरी के बाद बेटी को ससुराल छोड़ने जा रहा था परिवार

चौरासी थाने के हेड कॉन्स्टेबल हजारीलाल ने बताया- वागबोल निवासी प्रियंका (28) पत्नी बलदेव की डेढ़ महीने पहले पीहर वैजा में डिलीवरी हुई थी। डिलीवरी के बाद से वह वैजा में पिता के घर में ही रह रही थी।

परिवार के लोग गुरुवार को प्रियंका और उसके डेढ़ महीने के बेटे कृष को ससुराल छोड़ने के लिए ऑटो में बैठकर जा रहे थे। इसे स्थानीय लोग पाण्णा कहते हैं। इसमें बच्चा जन्म के बाद पहली बार मां के साथ अपने घर जाता है।

वैजा मोड़ के पास ऑटो बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में कृष और अरिहंत (3) की मौके पर ही मौत हो गई।

प्रियंका (28), मंजुला (30) पत्नी कांतिलाल, सरस्वती (5) पुत्री शांतिलाल, माया (27) पत्नी नानूराम, बंशी (70) पुत्र नानजी कटारा, कांता (60) पत्नी शंकरलाल, लक्ष्मी (25) पत्नी शांतिलाल और कांति (25) पुत्र नाना घायल हो गए। मंजुला, अरिहंत की मां है।

# जलमहल पर दो दिन होगा एयर शो डायमंड, क्रॉस आकृतियां बनाएंगे

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** भारतीय वायुसेना हेलिकॉप्टर से एयर शो करेगी। वायुसेना की 'सूर्यकिरण एरोबैटिक' और 'सारंग हेलिकॉप्टर डिस्प्ले' टीम हैरतअंगेज कलाबाजियों से दर्शकों को रोमांचित करेगी।यह शो जलमहल पर 20 और 22 फरवरी को दोपहर 2 बजे से शुरू होगा। सूर्यकिरण टीम अपने 9 हॉक एमके-132 विमानों के साथ उड़ान भरेगी। 100 से 1000 फीट की ऊंचाई पर उड़ते हुए विमान डायमंड, लूप, क्रॉस और मिरर जैसी आकर्षक आकृतियां बनाएंगे। रंगीन धुएं के साथ आसमान में तिरंगे की छटा बिखरती नजर आएगी।'सूर्यकिरण एरोबैटिक' और 'सारंग हेलिकॉप्टर डिस्प्ले' टीम अपनी सटीक टाइमिंग और बेहद करीबी फॉर्मेशन के लिए जानी जाती हैं। कई करतबों में विमानों के बीच दूरी कुछ ही मीटर रह जाती है, जो दर्शकों के लिए सांसें थाम देने वाला दृश्य होता है। सूर्यकिरण टीम के विंग कमांडर राजेश काजला ने बताया- मैं जयपुर का रहने वाला हूं। वर्ष 2023 में भी जयपुर में यह शो कर चुका हूं। पिछले पांच साल से इस टीम से जुड़ा हुआ हूं। यह इस टीम के साथ आखिरी शो है। भारतीय सेना में आने के लिए करेंगे प्रेरित स्क्वाड्रन लीडर संजेश ने बताया- हमारा मकसद स्टूडेंट्स को भारतीय सेना में आने के लिए प्रेरित करना है। इस शो को कई साल की मेहनत के बाद बनाया गया है। एक-एक पायलेट ने खूब मेहनत की है। जलमहल को इतने नजदीक से देखना हमारे लिए भी रोमांच से भरपूर है। मैंने अपनी पूरी पढ़ाई जयपुर से ही की है।

# रंगोली सजावट कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता एकता और सांस्कृतिक गौरव के संदेश दिए गए



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**भरतपुर।** राज्य वित्त आयोग, राजस्थान सरकार के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी गुरुवार को भरतपुर के एक दिवसीय दौरे पर रहे। 293वें भरतपुर स्थापना महोत्सव के समापन दिवस पर नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों पर रंगोली सजावट कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता, एकता और सांस्कृतिक गौरव के संदेश दिए गए। स्थापना महोत्सव के अंतिम दिन आयोजित स्वाभिमान मार्च रैली हीरादास सर्किल, लक्ष्मण मंदिर, राजकीय संग्रहालय एवं मल्टी परपज स्कूल से होते हुए महाराजा सूरजमल स्मारक यातायात चौराहे पर संपन्न हुई। रैली में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, विद्यार्थियों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाराजा सूरजमल स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहर की गौरवशाली परंपरा को नमन किया गया। स्वाभिमान मार्च एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. चतुर्वेदी ने सात दिवसीय कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने कहा कि

सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक गतिविधियों की यह श्रृंखला नई पीढ़ी को भरतपुर के त्याग, संघर्ष और स्वाभिमान से परिचित कराने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि अनेक आक्रांताओं के बावजूद भरतपुर के शासकों ने कभी समझौता नहीं किया और लोहागढ़ की धरती को अविजित बनाए रखा। ऐसे आयोजन युवाओं में राष्ट्रभावना और कर्तव्यनिष्ठा का संचार करते हैं।

डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भरतपुर मूल के हैं और उनकी प्रेरणा से स्थापना दिवस को इस बार विशेष भव्यता प्रदान की गई है। उन्होंने लोहागढ़ विकास परिषद की सराहना करते हुए कहा कि परिषद पिछले 17 वर्षो से निरंतर स्थापना दिवस का आयोजन कर रही है तथा इस बार जिला प्रशासन का भी पूर्ण सहयोग मिला है। उन्होंने भजनलाल सरकार के तीनों बजटों को जनहितैषी बताया और राज्य सरकार ने प्रत्येक वर्ग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए योजनाएं लागू की हैं। 'राइजिंग राजस्थान' पहल के अंतर्गत 30 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से लगभग 8 लाख करोड़ रुपये के कार्य धरातल पर क्रियान्वित किए जा रहे हैं।

डॉ. चतुर्वेदी ने राजस्थान सरकार की वित्तीय नीतियों एवं विकासोन्मुख कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। इस अवसर पर जिला कलेक्टर कमर चौधरी, आयुक्त बीडीए कनिष्क कटारिया, अतिरिक्त कलेक्टर शहर राहुल सैनी, एसडीएम भारती गुप्ता, गिरधारी तिवारी, जिला समन्वयक लोहागढ विकास परिषद योगेश शर्मा, संयोजक अनुराग गर्ग, सीओ स्काउट देवेन्द्र कुमार मीना सहित अन्य अधिकारी, स्काउट गाइड व रोवर्स रेंजर और छात्र-छात्राऐं मौजूद रहे।

# विधार्थियों ने चित्रकला से दिया स्वच्छता का दिया संदेश

**जोधपुर।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत स्वामी विवेकानंद माध्यमिक विधालय ज्योति नगर में विधार्थियों को स्वच्छता और सीवरेज प्रणाली के सही उपयोग के प्रति जागरूक करने के उदेश्य से चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन आर.यू.आई.डी.पी. जोधपुर अधीक्षण अभियंता के. पी. व्यास के निर्देशन में किया गया। इस मौके पर रूडिप कैप जोधपुर सामाजिक विकास विशेषज्ञ संतलाल सारण ने विधार्थियों को आर.यू.आई.डी.पी. के अन्तर्गत शहर में चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला और ठोस कचरे के सही निस्तारण के बारे में जागरूक किया। कैप एएसडी धीरेन्द्र वैष्णव ने विधार्थियों को सीवरेज प्रणाली के सही उपयोग और रख-रखाव के बारे में समझाया। स्वच्छता थीम पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता में कुल 50 विधार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया जिसमें कक्षा आठ से हसीन बानो प्रथम, कक्षा नौवीं से आकांक्षा द्वितीय और राधेश्याम गौड तृतीय स्थान पर रहे।इस अवसर पर विधालय से वरिष्ठ अध्यापक टीकमचंद, अध्यापक सुभाष, हरिश भारती, लक्ष्मण गर्ग व अध्यापिका इन्दु कंवर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में संवेदक फर्म ईगल इन्फ्रा से एस.ओ.टी लक्ष्मी सैनी, मुनालाल का सराहनीय सहयोग रहा।

# श्रीराम ने नहीं लांघा कुंआरी नर्मदा को

**एसकेमंगल**



प्रचलित मान्यताओं और लोककथाओं के अनुसार कहा जाता है कि भगवान श्रीराम ने वनवास के दौरान नर्मदा नदी को पार नहीं किया था, बल्कि उसकी परिक्रमा की थी या उसके किनारे-किनारे यात्रा की थी। वाल्मीकि रामायण में इसका स्पष्ट उल्लेख अलग हो सकता है, लेकिन जनमानस में जो मुख्य कारण प्रचलित हैं, उनके अनुसार नर्मदा का 'कुंवारी' नदी होना है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, नर्मदा को 'चिरकुंवारी' माना जाता है। कथा है कि नर्मदा और सोनभद्र का विवाह होने वाला था, लेकिन सोनभद्र की रुचि नर्मदा की दासी 'जुहिला' में हो गई। नर्मदा ने आजीवन कुंवारी रहने की प्रतिज्ञा ली और उल्टी दिशा पूर्व से पश्चिम में बहने लगीं। ऐसी मान्यता है कि भगवानराम, मर्यादा पुरुषोत्तम होने से, एक कुंवारी कन्या नदी रूपी देवी को लांघना या पार करना मर्यादा के विरुद्ध मानते थे। इसलिए उन्होंने नदी को पार करने के बजाय, उसके तट पर पूजा-अर्चना की और आगे बढ़े। नर्मदा ही एकमात्र नदी है जिसकी विधिवत परिक्रमा की जाती है। माना जाता है कि भगवान राम ने भी इस परंपरा का सम्मान किया था। उन्होंने नर्मदा को पार करके अपमान करने के बजाय, उनकी परिक्रमा मार्ग का अनुसरण किया या किनारे-किनारे चलकर दक्षिण की ओर प्रस्थान किया। आज भी नर्मदा परिक्रमा का महत्त्व है।? वनवास में भगवान राम चित्रकूट से होकर दंडकारण्य छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश का हिस्सा गए थे। नर्मदा के तट पर कई महान ऋषियों जैसे भृगु, कपिल, मार्कण्डेय के आश्रम थे। रामजी इन ऋषियों के दर्शन के लिए नर्मदा के किनारों पर ही विचरण करते रहे। जबलपुर के पास 'ग्वारीघाट' या 'रामघाट' जैसे स्थानों पर उनके रुकने और रेत के शिवलिंग बनाकर पूजा करने के प्रमाण मिलते हैं। नदी पार करने का जिक्र लोककथाओं में नहीं है। वाल्मीकि रामायण के अनुसार रामजी विंध्याचल और सतपुड़ा को पार कर दक्षिण पंचवटी/नासिक गए थे, जिसके लिए नर्मदा को पार करना भौगोलिक रूप से आवश्यक है। आस्था मानती है कि उन्होंने नर्मदा जी की पवित्रता और उनके 'कुंवारी' स्वरूप के सम्मान में उन्हें लांघा नहीं था।

# मिलावटी दूध बनाने की सूचना पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने की कार्यवाही

### नमूना लेकर भेजा प्रयोगषाला, करीब 200 लीटर दुध को करवाया नष्ट

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटपूतली।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक डॉ. टी. शुभमंगला, जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी, एडीएम ओमप्रकाश सहारण के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत के निर्देष पर गुरूवार को जिले के बानसूर क्षेत्र के ग्राम जींदड़ा की ढ़ाणी हरसौरा बानसूर में मिलावटी दूध बनाने की सूचना मिलने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम जांच दल के साथ मौके पर पहुंची। देर रात्रि जींदड़ा की ढ़ाणी हरसौरा स्थित कलेक्शन सैंटर जो कि नामी ब्रांड डेयरी के नाम से कोड (77257) खोलकर इसकी आड में मिलावटी एवं सिंथेटिक दुध बनाने का कार्य किया जा रहा था। टीम द्वारा दुध डेयरी के पास बगल में स्थित डेयरी मालिक के घर को खुलवाने के लिये आवाज लगाई। जिसमें मिलावटी दुध बनाने का कार्य किया जा रहा था। जिस पर घर के अंदर मौजूद महिला एवं पुरुषां द्वारा घर में तैयार सिंथेटिक एवं मिलावटी दुध को मकान की दीवार से खेत में बिखेर दिया। प्रत्येक खाली प्लास्टिक के 06 ड्रमों जिनकी क्षमता 45 लीटर थी परिवार के लोगों द्वारा लगभग 270 लीटर मिलावटी एवं सिंथेटीक दुध को खेत में बिखेरा गया। इस मिलावटी दुध को बिखेरने के बाद मकान का गेट खोला गया। जांच दल द्वारा खेतों में जाकर इन 06 ड्रमों को बरामद किया गया। जिनके सभी के पेंदे में मिलावटी एवं सिंथेटिक दुध था तथा बाकी तैयार दुध खेतों में बिखरा मिला। टीम से वहां पर उपस्थित लोगों एवं डेयरी मालिक व उसके परिवार के लोगां द्वारा अभद्रता की गई। जिस पर पुलिस जाप्ता को सुचना दी गई। इस दुध संकलन केन्द्र जिसका कोड 77257 हैं को जहां इस कोड से डेयरी संचालक सतीश गुर्जर ग्रामीणां से संकलित कर दुध को देता हैं,

उस डेयरी को सुचना कर इस कोड को तुरन्त बंद करने हेतु पाबंद किया गया। यह मिलावटी एव सिंथेटिक दुध का कार्य डेयरी संचालक सतीश गुर्जर द्वारा किया जा रहा था। डेयरी में संकलित दुध में से भी इसके द्वारा मौके पर मशीन से क्रीम निकाली जा रही थी। यह दुध भी प्रथम दृष्टया टीम को मिलावटी प्रतीत हुआ, जिस पर जांच दल द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत दो नमूने लिये गये, जिन्हें जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला जयपुर में भिजवाया जायेगा। रिपोंट आने पर सबधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। साथ ही उक्त डेयरी का खाद्य अनुज्ञा पत्र निलबन की कार्यवाही जरिये नोटिस देकर की जायेगी। नमुना लेने के पश्चात बचे लगभग 200 लीटर दुध को भी जनहित में नष्ट करवाया गया। आमजन से अनुरोध है कि आपके क्षेत्र में अगर इस तरह की मिलावट हो रही है तो विभाग को सूचित करें। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी शशिकांत शर्मा एवं ट्रेनी खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक यादव, प्रियांशी यादव, अकिंत घोसल्या एवं दीक्षा मौजूद रहे।



## जरूरतमंदों की सेवा पुण्य आत्माओं को सच्ची श्रद्धांजलि-डोई

### समाजसेवी स्व. हरज्ञान जागीरदार की पुण्यतिथि पर सामाजिक कार्यो का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** ग्राम अमाई निवासी समाजसेवी स्व. हरज्ञान जागीरदार की 06वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को उनके पुत्र सामाजिक कार्यकर्ता शीशराम डोई के द्वारा विभिन्न सेवा कार्यो का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रदेश कार्यकारणी सदस्य भाजपा किसान मोर्चा राज. नेता व हरज्ञान डोई के भतीजे मुकेश डोई के मुख्य आतिथ्य में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जहाँ बड़ी संख्या में लोगों ने स्व. हरज्ञान जागीरदार के चित्र पर द्वीप प्रज्जवलन के बाद पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि मुकेश डोई ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही दिवंगत पुण्य आत्माओं को सच्ची श्रद्धांजलि है। स्व. हरज्ञान जागीरदार अपने जीवनकाल में नशा समेत सामाजिक कुरीतियों को दूर करने व बालिका शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिये प्रयासरत रहे। कार्यक्रम संयोजक शीशराम डोई ने बताया कि इस मौके पर गौ सेवा के बाद कस्बा समेत अमाई, बालाजी मानसरोवर कॉलोनी आदि कच्ची बस्तियों में फलों का वितरण किया गया। इस दौरान नीमकाथाना के व्यवसायी अरविंद यादव, बाबरु से समाजसेवी रामकरण लोमड़, रामशरण कसाना, पार्षद विष्णु भाटी, राकेश, राजू, रामसिंह सहित अन्य मौजूद रहे।



## सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का आयोजन जारी

### स्वयंसेवकों ने तुलसी गौड़ा उद्यान में की साफ-सफाई

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों ईकाईयों के संयुक्त तत्वाधान में सात दिवसीय विशेष शिविर के चैथे दिवस गुरूवार को मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन कर व सरस्वती वंदना के साथ षिविर का शुभारम्भ किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना गीत का गायन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. चन्दन सिंघल ने चैथे दिवस की गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्राचार्य प्रो. राजेंद्र कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज सेवा के लिये प्रेरित किया। स्वयंसेवकों को समाज सेवा के लिये हमेशा तत्पर रहने का संदेश दिया। बौद्धिक सत्र के मुख्य वक्ता समाज कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश स्वामी ने समाज सेवा की अहमियत बताई। उन्होंने बताया कि लावारिस शवों की अंतयेष्टि, कन्या भ्रूण हत्या रोकने, बालकों के शोषण को रोकने, बेघर वृद्ध लोगों को संभालना जैसे अनेक सेवाभावी कार्यों में हमें हमेशा आगे रहना चाहिये, जन कल्याण हमारा परम् धर्म है। संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शीशराम मीणा ने किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संदीप कुमार आर्य ने तकनीकी सहयोग किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शुभलता यादव ने आभार व्यक्त किया।

## सरकार का संकल्प उत्पादन, निर्यात, निवेश और रोजगार : कर्नल राज्यवर्धन राठौड़

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में उद्योग, निवेश, खेल और युवा सशक्तिकरण पर हुई चर्चा के दौरान उद्योग एवं युवा मामलों के मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता उत्पादन, निर्यात, निवेश और रोजगार को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में औद्योगिक नीतियों को लागू करने और निवेश को धरातल पर उतारने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं।राठौड़ ने कहा कि राज्य में औद्योगिक ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए निर्यात प्रोत्साहन नीति, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी), डायरेक्ट लैंड अलॉटमेंट नीति, डेटा सेंटर नीति और लॉजिस्टिक्स नीति लागू की गई हैं। इन नीतियों का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़ना, निवेश प्रक्रिया को सरल बनाना और उद्योगों की लागत कम करना है। उन्होंने बताया कि राजस्थान देश के प्रमुख औद्योगिक कॉरिडोर नेटवर्क का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर के पांच नोड, जामनगर-अमृतसर आर्थिक कॉरिडोर का 640 किलोमीटर हिस्सा, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का 370 किलोमीटर भाग और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का लगभग 500 किलोमीटर हिस्सा राज्य में विकसित हो रहा है। लगभग ढाई लाख करोड़ रुपये की लागत वाली यह अवसंरचना औद्योगिक विकास को गति देने में सहायक होगी।

राठौड़ ने राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (आरआईपीएस) 2024 का उल्लेख करते हुए कहा कि इसे स्पष्ट दिशानिर्देशों के साथ लागू किया गया है। उनके अनुसार, पिछले कार्यकाल के अंतिम दो वर्षों में 487 करोड़ रुपये का अनुदान वितरित हुआ था, जबकि वर्तमान सरकार के दो वर्षों में 1600 करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान वितरित किया गया है।

एमएसएमई नीति 2024 के तहत लघु एवं मध्यम उद्योगों को छह प्रतिशत ब्याज अनुदान तथा अतिरिक्त दो प्रतिशत सहायता दी जा रही है। राज्य में व्यवसाय सुगमता सुधार के तहत राजस्थान सिंगल विंडो क्लियरेंस की सेवाएं 88 से बढ़ाकर 181 कर दी गई हैं। प्रक्रियाओं को ऑनलाइन और समयबद्ध बनाया गया है। राज्य को बीआरएपी में टॉप अचीवर श्रेणी प्राप्त हुई है।

भूमि आवंटन प्रणाली में भी संशोधन किए गए हैं। डायरेक्ट लैंड अलॉटमेंट नीति के तहत 1231 से अधिक भूखंड आवंटित किए गए हैं तथा 10 हजार एकड़ से अधिक भूमि लैंड बैंक में जोड़ी गई है। 99 वर्ष की लीज व्यवस्था में संशोधन कर 33 वर्ष का प्रावधान किया गया है, जिससे प्रारंभिक वित्तीय भार कम हुआ है।

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हुए 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू में से आठ लाख करोड़ रुपये के प्रस्तावों की ग्राउंडिंग हो चुकी है, जो कुल का 22 प्रतिशत है।

अलवर में 2200 करोड़ रुपये के निवेश से 800 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। जयपुर में 310 करोड़ रुपये का डेटा सेंटर तथा 500 करोड़ रुपये का मेडिकल साइंसेज संस्थान स्थापित किया जा रहा है। सवाई माधोपुर, धौलपुर, जोधपुर और सीकर में भी विभिन्न औद्योगिक एवं पर्यटन परियोजनाएं प्रगति पर हैं।पचपदरा में एचपीसीएल रिफाइनरी के डाउनस्ट्रीम प्रोजेक्ट्स पर कार्य जारी है। पेट्रो जोन में 50 से अधिक उत्पादों के निर्माण की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।



## अग्रवाल समाज समिति कोटपूतली की बैठक सम्पन्न

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** अग्रवाल समाज समिति कोटपूतली एवं वेल्टन हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में 22 फरवरी (रविवार) को आयोजित होने वाले रोबोटिक घुटना एवं कुल्हा प्रत्यारोपण परामर्श शिविर के संबंध में अग्रवाल समाज समिति की एक बैठक अध्यक्ष एडवोकेट योगेश शरण बंसल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शिविर की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं प्रचार-प्रसार पर विस्तृत चर्चा की गई। पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई तथा अधिक से अधिक लोगों तक शिविर की जानकारी पहुंचाने का निर्णय लिया गया। मिडिया प्रभारी हेमन्त मोरीजावाला ने कहा कि यह शिविर आमजन को आधुनिक रोबोटिक तकनीक से होने वाली जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की जानकारी एवं विशेषज्ञ परामर्श प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। परामर्श विशेषज्ञ महात्मा गांधी हॉस्पिटल के डॉ. संदीप यादव व उनकी टीम द्वारा दिया जाएगा। समाज के सदस्यों से शिविर को सफल बनाने हेतु सक्रिय सहयोग की अपील की। बैठक में समिति के कार्यकारिणी सदस्य अमरनाथ बंसल, सुभाष चंद्र बंसल, दीपक ततारपुरिया, दिनेश सिंघल, अशोक बंसल, राजेश सवाईका, मनोज अग्रवाल, सूर्यकांत मोदी, संगम गुप्ता, अमित अग्रवाल, सीताराम अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## आईआईटी-जेईई 2026 प्रवेश परीक्षाओं में संस्थान के 8 विद्यार्थियों का चयन

**कोटपूतली।** कस्बे के पूतली रोड़ स्थित नीट व आईआईटी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारियों हेतु प्रशिक्षण केन्द्र संकल्प कोचिंग संस्थान के विधार्थियों ने देश की प्रतिष्ठित आईआईटी-जेईई प्रवेश परीक्षाओं में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुये सफलता का परचम लहराया हैं। हाल ही में आये आईआईटी-जेईई 2026 के मुख्य परीक्षा परिणामों में संस्थान के 08 विधार्थियों का चयन हुआ हैं। इनमें कस्बा निवासी दुष्यंत पुत्र राकेश भट्ट, ग्राम बनेठी निवासी दीपांशु पुत्र राकेश शर्मा, पांछुडाला निवासी मंजीत पुत्र धर्मेन्द्र जाट, भानपुरा कलां निवासी आदित्य पुत्र हनुमान सहाय यादव, नारायणपुर निवासी अंकित पुत्र ओमप्रकाश यादव, मुण्डावर निवासी नितिन पुत्र धर्मपाल यादव, झुंझुनु निवासी अंकित पुत्र गुरूदयाल व बहरोड़ के ग्राम कोहराना निवासी लक्ष्य पुत्र प्रदीप यादव का चयन आईआईटी प्रवेष परीक्षाओं में हुआ हैं। संस्थान के निदेशक सुरेश यादव ने बताया कि जल्द ही सभी विधार्थियों को आईआईटी के कॉलेज अलॉट होगें। उन्होंने कहा कि जेईई के प्रथम सत्र में विधार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित की हैं।



## शहीद अजीत सिंह यादव को श्रद्धांजलि

### गण्डाला में छठी पुण्यतिथि पर परिजनों-ग्रामीणों ने किया नमन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** बहरोड़ के गण्डाला गांव में गुरुवार को शौर्य चक्र से सम्मानित शहीद हवलदार अजीत सिंह यादव की छठी पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उनके स्मारक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें परिजनों, ग्रामीणों और सीआरपीएफ अधिकारियों ने शहीद के सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। पंडित औमप्रकाश जोशी के सानिध्य में हवन और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। हवलदार अजीत सिंह यादव सीआरपीएफ की 204 कोबरा बटालियन में तैनात थे। 10 फरवरी 2020 को छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान 18 फरवरी 2020 को उन्होंने वीरगति प्राप्त की। 19 फरवरी को उनके पैतृक गांव गण्डाला में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया था। शहीद की पुण्यतिथि पर हर वर्ष उनके स्मारक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी सीआरपीएफ अजमेर से एसआई रोशन सिंह, 204 बटालियन से एसआई विजेंद्र तिवारी, वीरमाता कमला देवी, वीरांगना अनीता देवी, बड़े भाई जोगेंद्र सिंह, सरपंच तारावती देवी, छोटे भाई संदीप कुमार, सुनील देवी, पुत्र आशीष, पुत्रवधू आयुषी, डॉ. अभिषेक सहित अन्य परिजन और ग्रामीण मौजूद रहे।



## कोटपूतली से स्वच्छता सेवा दल पहुंचेगा खाटूश्याम जी

### 7 दिन की सेवा करेंगे, तैयारियों को सौंपी जिम्मेदारी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** कोटपूतली से टीम स्वच्छता सेवा दल 23 फरवरी को खाटूधाम के लिए रवाना होगा। यह दल श्री श्याम बाबा के लक्खी मेले में सात दिवसीय स्वच्छता सेवा कार्य करेगा। इस संबंध में गुरूवार को कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सेवा कार्यो के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। संयोजक प्रवीण कुमार बंसल ने बताया कि कोटपूतली से लगभग 60 से 70 कार्यकर्ताओं की टीम खाटू नगरी में स्वच्छता सेवा प्रदान करेगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि भारतवर्ष के विभिन्न शहरों से 500 से अधिक सेवादार खाटूधाम में अपनी सेवाएं देंगे। खाटू नगरी में 216 घंटे का लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

खाटूश्याम नगरी में चलाएंगे व्यापक स्वच्छता अभियान-टीम के कार्यकर्ता 20 फरवरी से 01 मार्च तक खाटू कैंप में रहकर बाबा खाटू श्याम की नगरी में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाएंगे। यह खाटू में 10वां वार्षिक स्वच्छता महाअभियान और 120वां मासिक स्वच्छता अभियान होगा। बैठक में केशव बंसल, पराग गुप्ता, अमित शर्मा, राहुल मंगल, रवि बालास्या, आशीष मित्तल, गिरवर शर्मा, अरविंद वर्मा, प्रफुल्ल रमन, सुमित बिदाणी, हेमंत मोरीजावाला सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में 150 बैडों के ट्रौमा सैंटर खुलवाये जाने की मांग

### विधानसभा में बोले विधायक हंसराज पटेल

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटपूतली।** कस्बा सहित जिले भर में एवं जिले के आसपास लगने वाले ईलाकों में राजमार्ग व अन्य सड़कों पर होने वाले सड़क हादसों में गंभीर घायलों को त्वरित उपचार देने एवं उनकी जीवन रक्षा के लिये जिले के एकमात्र राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में घायलों को लाया जाता हैं, किन्तु साधन व संसाधन के अभाव में उन्हें मजबुरन जयपुर रैफर करना पड़ता हैं। इस समस्या को इंगित करते हुये विधायक हंसराज पटेल ने विधानसभा में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विषय पर अनुदान मांगों के तहत राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में 150 बैड़ों के ट्रौमा सैंटर को शुरू करवाने सहित आवष्यक साधन व संसाधन उपलब्ध करवाने की मांग की हैं। इसके अलावा राजकीय जिला अस्पताल में सीटी स्कैन व एमआरआई मषीन भी उपलब्ध करवाये जाने की मांग की हैं। पटेल ने सदन को बताया कि राजकीय अस्पताल विभिन्न चिकित्साओं हेतु 250 बैड का अस्पताल हैं, जहां से गुड़गांव 130 किमी, जयपुर 105 किमी, अलवर 65 किमी व सीकर 125 किमी दूर हैं। जहां एकमात्र कोटपूतली में जिला अस्पताल हैं, जहां सभी क्षेत्रों से सड़क दुर्घटनाओं में घायल गंभीर मरीज आते हैं।

सड़क हादसों के गंभीर घायल मरीजों के उपचार एवं जीवन रक्षा हेतु 150 बैडेड ट्रौमा सैंटर अतिआवष्यक हैं। पटेल ने कस्बे के सराय मौहल्ला स्थित राजकीय सरदार जनाना अस्पताल को पीएचसी से सैटेलाईट अस्पताल व नारेहड़ा स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत करवाये जाने की मांग की। पटेल ने पनियाला, सांगटेड़ा, रामसिंहपुरा, गोपालपुरा, सुन्दरपुरा, कल्याणपुरा खुर्द व चतुर्भुज में जनता क्लिनिक खुलवाये जाने की मांग की। साथ ही उन्होंने ग्राम कुहाड़ा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व नगर परिषद क्षेत्र में तीन जनता क्लिनिक खुलवाये जाने पर चिकित्सा मंत्री का आभार भी जताया।

## कोटपूतली में बारिश के बाद घना कोहरा, विजिबिलिटी 50 फीट से कम

**कोटपूतली।** कोटपूतली क्षेत्र में पिछले 24 घंटों के दौरान 12 एमएम बारिश दर्ज की गई है। बारिश के बाद बुधवार सुबह क्षेत्र में घना कोहरा छा गया। विजिबिलिटी 50 फीट से भी कम होने के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 पर वाहन चालक हेडलाइट और फॉग लाइट का उपयोग कर धीमी गति से चल रहे हैं। कोटपूतली क्षेत्र में आज अचानक मौसम के बदलाव से फुलेरा दूज के अबूझ सावे के चलते जिले में सैकड़ों शादियों में खलल पड़ा है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, पकी हुई या पकने की कगार पर खड़ी फसलों पर घने कोहरे का प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इससे फसलों की गुणवत्ता और उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है, जिससे किसानों को नुकसान हो सकता है। विशेष रूप से, पकी हुई या कटाई के करीब खड़ी सरसों की फसल पर घने कोहरे और अत्यधिक ओस का नकारात्मक असर देखा जा रहा है। यह कोहरा सरसों के उत्पादन और गुणवत्ता दोनों को प्रभावित कर सकता है। कोहरे और धूप की कमी से पौधों में प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया बाधित होती है, जिससे दानों को पर्याप्त पोषण नहीं मिल पाता और वे कमजोर व पतले रह जाते हैं। लगातार नमी के कारण दानों में तेल की मात्रा कम हो सकती है और उनका रंग फीका पड़ सकता है। इसके अलावा, लगातार नमी से पकी हुई फलियों पर झुलसा रोग और सफेद फफोले का खतरा बढ़ जाता है, जिससे फलियां सड़ सकती हैं। कोहरा छंटने और मौसम साफ होने पर माहू कीट तेजी से फूलों और फलियों पर हमला कर सकता है,



## उच्च उद्यानिकी तकनीकी आवश्यकता, महत्व एवं प्रबंधन विषय पर विशेषज्ञों ने किसानों को दी जानकारी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** कृषि विभाग द्वारा 17 व 18 फरवरी को दो दिवसीय जिला स्तरीय उच्च उद्यानिकी तकनीकी आवश्यकता, महत्व एवं प्रबंधन सेमिनार का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र गुंता, पर आयोजित किया गया। उपनिदेशक कृषि लीलाराम जाट और कृषि विज्ञान केन्द्र के इंचार्ज डॉ. सुशील कुमार शर्मा एवं आईएचआईटीसी दुर्गापुरा जयपुर के चीफ ट्रैनर सत्यनारायण चैधरी द्वारा सेमीनार का शुभारंभ किया गया। सेमीनार में प्रथम दिवस चीफ ट्रैनर ने अपने व्याख्यान में उच्च उद्यानिकी तकनीकी की आवश्यकता, महत्व एवं प्रबंधन पर जानकारी व उद्यान विभाग द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत देय अनुदान योजनाओं पर सविस्तार जानकारी साझा करते हुए समय रहते इन्हें अपनाने का आह्वान किया। प्रशिक्षणार्थियों से फार्म प्रोड्यूसर आर्गेनाइजेशन बनाने एवं नामांकन करवा कर आगे बढ़ने पर जोर दिया। चीफ ट्रैनर ने संरक्षित खेती को अपनाने पर जोर दिया एवं प्रशिक्षणार्थियों से निवेदन किया कि अपनी-अपनी वित्तीय क्षमता के अनुसार आप पॉली हाउस, शेडनेट हाउस, लो टनल, फार्म पौंड, सौर ऊर्जा संयंत्र, वर्मी कम्पोस्ट युनिट लगवाने, प्याज भण्डारण संरचना बनवाने, खुली खेती में लूज फ्लावर, कट फ्लावर, विदेशी सब्जियों की उन्नत खेती, मशरूम उत्पादन यूनिट स्थापित करवाने एवं उक्त सभी से प्राप्त उत्पादों के श्रेणिकरण व पैकिंग हेतु पैक हाउस सुविधा का लाभ लेने एवं इस प्रकार तैयार उत्पाद को सुरक्षित मण्डी पहुंचाने के लिए विभाग द्वारा रिफर वैन पर दिये जा रहे अनुदान का लाभ लेते हुए स्मार्ट फार्मर की तरह कार्य करते हुए अपने फार्महाउस को स्मार्ट फार्म में रूपांतरित करते हुए नवाचारी कृषक बनने की ओर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उक्त सभी योजनाओं का लाभ लेकर आगे बढ़ते हुए राज्य सरकार के नवाचारी कृषकों को विदेश भेजने वाली स्कीम का लाभ लेने पर भरपूर जोर दिया और कहा कि ऐसा करके हम भी अपने राज्य एवं तत्पश्चात राष्ट्र को विकसित देशों की श्रेणी में ला सकने में कामयाब हो पाएंगे। डॉ. रघुनाथ प्रसाद यादव ने सुक्ष्म सिंचाई की प्रणालियों के सिद्धांत एवं सिंचाई व्यवस्थापन पर सविस्तार जानकारी देते हुए उच्च उद्यानिकी तकनीकी वाली फसलों विशेषकर सब्जियों में उर्वरकीकरण (फर्टीगेशन) का महत्व एवं कार्य प्रणाली पर पावर पाइंट प्रजेंटेशन दिया।

## उपनिदेशक कार्यालय का औचक निरीक्षण योजनाओं की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

**सीकर।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार द्वारा गुरूवार को उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय सीकर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपनिदेशक डॉ. सुनील कुमार जांगिड़ सहित कार्यालय के समस्त कार्मिक उपस्थित मिले।

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर विभागीय योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की तथा प्रगति में तेजी लाने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ मिल सके।

## कम्प्यूटर टंकण गति परीक्षा 25 फरवरी को कोटपूतली में होगी आयोजित

**कोटपूतली।** जिला स्तर पर मृत राज्य कर्मचारियों के आश्रितों की नियुक्ति पश्चात ली जाने वाली कम्प्यूटर टंकण गति परीक्षा (माह जनवरी, 2026) हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की परीक्षा 25 फरवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 01.30 बजे तक पांच पारियों में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बड़ाबास (कोटपूतली) में आयोजित की जावेगी। अध्यक्ष, परीक्षा आयोजन समिति एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण ने बताया कि अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र एवं सूची जिला कार्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करवा दी गई है। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र जिला कार्यालय के वेबसाईट से डाउनलोड कर अपने कार्यालयाध्यक्ष से फोटो प्रमाणित करवाकर निर्धारित तिथि एवं निर्धारित समय पर परीक्षा केन्द्र पर अपने प्रवेश पत्र एवं मूल फोटो पहचान पत्र के साथ उपस्थित होवें। उन्होंने बताया कि पहचान पत्र के अभाव में एवं निर्धारित समय पश्चात अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश नहीं दिया जावेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

# कानून व्यवस्था एवं सांप्रदायिक सौहार्द से मनाएं त्योहार- श्रीनिधि बीटी

## जिला शांति समिति में सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश

**होली, रमजान, नवरात्रि व ईद से पूर्व जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर**

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा सांप्रदायिक सौहार्द एवं आपसी सद्भाव बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक स्तर पर समन्वय एवं संवाद कायम रखते हुए किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर ने विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने होली, रमजान, चेटीचंड, नवरात्रि, रामनवमी एवं ईद जैसे आगामी पर्वों के दौरान शांति, सौहार्द और भाईचारे का वातावरण बनाए रखने की अपील की।

बैठक में शांति समिति के सदस्य अनुराग शर्मा ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस व्यवस्था एवं छात्रों की परीक्षाओं को देखते हुए डीजे एवं ध्वनि को कम आवाज में निर्धारित समय अवधि तक ही उपयोग करने तथा शहर की यातायात व्यवस्था को और अधिक सुगम बनाए जाने की ओर ध्यान आकर्षित किया। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र के मौजीज व्यक्तियों एवं धर्मगुरुओं के साथ निरंतर संवाद स्थापित रखा जाए।

सभी पुलिस थानों में नियमित रूप से सीएलजी एवं शांति समिति की बैठकें आयोजित कर संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान की जाए। संदिग्ध व्यक्तियों, स्थानों तथा भ्रामक एवं साम्प्रदायिक तनाव भड़काने वाले तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए उनके विरुद्ध विधि अनुसार कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए रात्रि 10 बजे के पश्चात तीव्र ध्वनि वाले डीजे पर पाबंदी लगाने तथा निर्धारित समय से पूर्व भी कम आवाज पर डीजे बजाने के निर्देश दिए।उन्होंने विशेष रूप से सोशल मीडिया की सतत् मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये कि भ्रामक, अफवाह फैलाने वाले अथवा उत्तेजक पोस्ट करने वालों के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से भी अपील की गई कि वे आमजन को अफवाहों से सावधान रहने एवं सत्यापित जानकारी पर ही विश्वास करने के लिए जागरूक करें। उन्होंने होली के दौरान हुडदंग मचाने वाले लोगों पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए।जिला कलक्टर ने पुलिस अधिकारियों को नाकाबंदी एवं गश्त व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य बाजारों, पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन तथा अन्य भीड़भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस जाप्ता तैनात करने तथा संभावित तनावपूर्ण क्षेत्रों को चिन्हित कर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, पुलिस विभाग, नगर परिषद, विद्युत विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को त्योहारों के दौरान अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन अतिरिक्त सतर्कता एवं समन्वय के साथ करने के निर्देश दिए गए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, मतीन खान गौरी, ठा. गजेन्द्र सिंह जादौन, अलीमुद्दीन अंसारी, जाहिद कुरैशी सहित अन्य धर्मगुरु उपस्थित रहे।



धौलपुर...शांति समिति बैठक में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए



## घरेलू गैस के दुरुपयोग पर कार्रवाई में 4 सिलेंडर जब्त

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** घरेलू गैस के दुरुपयोग एवं कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए राज्य स्तर पर चलाए जा रहे अभियान के तहत आज सैपऊ क्षेत्र में जिला रसद कार्यालय की प्रवर्तन टीम ने दो प्रतिष्ठानों की जांच की। जांच के दौरान तसीमो स्थित न्यू मोर मुकुट मिष्ठान भंडार पर घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाया गया। कार्रवाई करते हुए टीम ने 4 घरेलू गैस सिलेंडर, रेगुलेटर, नली एवं भट्टी जब्त कर ली। इसके अतिरिक्त तसीमो इंडेन ग्रामीण वितरक की भी जांच की गई। अधिकारियों ने व्यावसायिक प्रतिष्ठान संचालकों को घरेलू गैस का अवैध भंडारण एवं व्यवसायिक दुरुपयोग नहीं करने के निर्देश दिए।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अभियान के तहत घरेलू गैस का दुरुपयोग, अवैध भंडारण, विक्रय एवं कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जांच दल में प्रवर्तन अधिकारी गजेन्द्र बाबू शर्मा एवं जगदीश प्रसाद शर्मा तथा प्रवर्तन निरीक्षक जितेन्द्र गोठवाल शामिल रहे।

# किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता को किसी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा : विकास सांगवान


धौलपुर...निरीक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों को निर्देश देते एसपी विकास सांगवान

**पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने थानों का किया निरीक्षण**

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

धौलपुर। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बाडी कोतवाली, बसेडी एवं कंचनपुर पुलिस थानो का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोत, कम्प्यूटर कक्ष, मालखाना, रसोईघर, पुलिस बैरकों सहित संपूर्ण थाना परिसर की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश निर्देश दिए। उन्होंने मालखाना के निरीक्षण के दौरान जब्त किए गए सामान की स्थिति, सुरक्षा और रिकॉर्ड व्यवस्था की जांच की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मालखाने में पारदर्शिता और अनुशासन सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा रिकॉर्ड पूरी तरह अद्यतन रखे जाएं। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता को किसी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने थाना परिसर के रसोईघर का निरीक्षण किया। भोजन की गुणवत्ता और रसोई की स्वच्छता का जायजा लेते हुए उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को स्वास्थ्यवर्धक, स्वच्छ और संतुलित भोजन उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है। थाना परिसर में पुलिस कर्मचारियों के आवास (बैरकों) की स्थिति का भी उन्होंने गहन निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि साफ-सफाई, मरम्मत और बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही, पुलिसकर्मियों के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए थाने में खेलकूद और मनोरंजन की सुविधाएं जल्द शुरू की जाएं, जिससे तनावमुक्त और प्रेरणादायक वातावरण बन सके। आमजन के साथ पुलिस के व्यवहार पर जोर देते हुए कहा कि थाने में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति सम्मान और संवेदनशीलता का पात्र है। चाहे वह शिकायतकर्ता हो, गवाह या कोई आगंतुक पुलिसकर्मियों को जनसेवक की भावना के साथ व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि थाना आमजन के लिए भरोसे और न्याय का पहला दरवाजा है, इसलिए व्यवहार में नरम स्वभाव और सहानुभूति अनिवार्य है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों को रिकॉर्ड अद्यतन व व्यवस्थित रखे जाएं, शिकायतों पर त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित हो, परिसर की स्वच्छता बनी रहे और महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं बच्चों के साथ विशेष संवेदनशीलता का व्यवहार किया जाए। साथ ही, आमजन से संवाद व विश्वास बढ़ाने के प्रयासों को भी प्राथमिकता दी जाए आदि के सम्बन्ध में भी दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थाना स्टाफ से संवाद करते हुए पुलिस अधीक्षक श्री विकास सांगवान ने कहा कि आमजन की सुरक्षा एवं सहायता के लिए में हमें सदैव तत्पर रहना चाहिए। इस दौरान तीनों थानों के थानाधिकारीगण मय स्टाफ उपस्थित रहें।

# डकैत केदार को 10 वर्ष की कठोर कारावास की सुनाई सजा

**15 साल पुराने मुठभेड़ मामले में कोर्ट ने सुनाया फैसला**

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** न्यायालय डकैती प्रभावित क्षेत्र धौलपुर के विशिष्ट न्यायाधीश राकेश गोयल द्वारा करीब 15 वर्ष पुराने प्रकरण में थाना बसई डांग में परिवादी कैलाश चंद्र मीणा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी की डकैत केदार उर्फ ठेकेदार पुत्र फेरन निवासी भोलापुरा थाना बाड़ी अपनी गैंग के साथ चचोखर के जंगलों में बैठा है, जिसे पकड़ने गई पुलिस पार्टी पर डकैत द्वारा जान से मारने की नीयत से फायर किए गए जिसमें मुलजिम केदार डकैत के विरुद्ध चार्ज शीट न्यायालय में पेश की गई मुल को दोषी पाए जाने पर न्यायालय द्वारा डकैत केदार को 10 वर्ष की कठोर कारावास व 10 हजार के जुर्माने से दंडित किया गया है, यह जानकारी डकैती प्रभावित क्षेत्र धौलपुर के विशिष्ट लोक अभियोजक सतीश कुमार शर्मा ने दी है


विशिष्ट लोक अभियोजक सतीश कुमार, अपर लोक अभियोज मुकेश सिकरवार

# निरीक्षण में बंद मिले 11 आयुष्मान आरोग्य मंदिर सीएमएचओ डॉ. मीणा ने दिए कार्यवाही के निर्देश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, समयबद्ध संचालन और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार सुबह जिला स्वास्थ्य प्रशासन ने व्यापक स्तर पर औचक निरीक्षण अभियान चलाया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा के नेतृत्व में अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव मीणा, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी शशांक वशिष्ठ सहित अधिकारियों की टीम ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों का सघन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान 11 आयुष्मान आरोग्य मंदिर निर्धारित समय पर बंद पाए गए।

कई केंद्रों पर ताले लगे मिले, कुछ स्थानों पर स्टाफ अनुपस्थित था, जबकि कहीं साफ-सफाई और रिकॉर्ड संधारण में गंभीर लापरवाही सामने आई। इस स्थिति पर सीएमएचओ डॉ. मीणा ने गहरी नाराजगी व्यक्त की।

डॉ. मीणा ने बताया कि सुबह 9 बजे जिला स्तर से गठित टीम ने उप स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दवाओं की उपलब्धता, प्रसूति सेवाएं, टीकाकरण कार्यक्रम, रोगी पंजीयन रजिस्टर, राज्य एवं केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन, गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं तथा मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की गई।उन्होंने स्पष्ट कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का उद्देश्य आमजन को निःशुल्क, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। ऐसे में केंद्रों का बंद पाया जाना अत्यंत गंभीर विषय है

**ये केंद्र मिले बंद**

सीएमएचओ डॉ. मीणा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सुरोठी, अलीगढ़, पिदावली, जपावली, सौंहा, मडोना, निजामपुर, सिंगोरई, मतसूरा, खानपुर गुर्जर तथा नकसौदा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर बंद मिले।

सीएमएचओ ने बताया कि बंद मिले सभी 11 केंद्रों के प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया गया है तथा संबंधित कार्मिकों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने सभी चिकित्सा अधिकारियों एवं कार्मिकों को कड़े निर्देश दिए कि समयपालन सुनिश्चित करें, सेवाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रदान करें और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न होने दें। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी इसी प्रकार के औचक निरीक्षण जारी रहेंगे, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्ता बनी रहे।


धौलपुर... चिकित्सा संस्थानों का सघन निरीक्षण किया

# पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने ली महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति की बैठक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति की राज्य स्तरीय बैठक राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई गांधी दर्शन के जिला संयोजक धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक अशोक गहलोत ने राजस्थान के सभी जिला संयोजकों को संबोधित करते हुए कहा कि संपूर्ण देश में महात्मा गांधी के विचारों पर चलने की आवश्यकता है। जिस तरीके से देश में आपसी भाईचारा और सौहार्द समाप्त किया जा रहा हैं ऐसे समय में महात्मा गांधी के सिद्धांतों को उनकी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है देश में अमन चैन भाईचारे का संदेश जाना चाहिए उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के विचारों से ही समाज में शांति और सद्भावना संभव है। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सभी राजस्थान के जिला संयोजकों से चर्चा कर गांधी दर्शन को जन-जन तक पहुंचने का खासकर नई पीढ़ी को गांधी विचारधारा से जुड़ने पर बल दिया।

इस अवसर पर जिला संयोजक धर्मेंद्र शर्मा ने धौलपुर जिले में गांधी दर्शन के द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य एवं जिले में गांधी दर्शन द्वारा किए हुए कार्यक्रमों को एवं विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों , प्रशिक्षण शिवरों के माध्यम से लगभग 5000 से अधिक युवा एवं महिला वर्ग को गांधी दर्शन से जोड़ने की जोड़ने पर प्रशंसा हुई।

इस अवसर पर राजस्थान के पूर्व महा अधिवक्ता गिरधारी सिंह बापना, गांधीवादी धर्मवीर कटेवा, श्यामसुंदर जोशी भीलवाड़ा संयोजक अक्षय त्रिपाठी बांसवाड़ा संयोजक पूर्व विधायक रमेश पांडे जी अजमेर संयोजक पूर्व विधायक गोपाल बाहेती जैसलमेर संयोजक उम्मेद सिंह अलवर संयोजक हिमांशु शर्मा भरतपुर संयोजक उमेश देवेंद्र शर्मा सीकर जिला संयोजक शिव भगवान नागा,धौलपुर सह संयोजक शांतिप्रभा महिला संयोजक बॉबी सरपंच युवा संयोजक सुल्तान सिंह लोधा , श्रवण तंवर संयोजक हनुमानगढ़, उम्मेद सिंह तंवर संयोजक जैसलमेर, सहित अनेक गांधीवादी विचारक उपस्थित थे।



# मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन के सदस्य उद्योग व्यापार संबंधित बारीकियां समझाएंगे : सीए विजय गर्ग




हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन के संस्थापक महासचिव सीए विजय गर्ग ने बताया कि, प्रदेश के युवाओं को उद्यमी बनाने के लिए देश है विदेश में बैठे हुए मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन के सदस्य उद्योग व्यापार संबंधित बारीकियां समझाएंगे जिससे प्रदेश को युवा अधिक से अधिक उद्योग व्यापार कर सके एवं प्रदेश के आर्थिक विकास में अपना योगदान दे सकें। जयपुर, संस्था के कार्यालय लाल कोठी स्थित शकुंत सभागार में मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन के युवा विंग की बैठक आयोजित की गई, इसमें प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने वाला किस तरीके से बनाया जाए इस संबंध पर चर्चा की गई एवं कार्य योजना बनाकर यह निर्णय लिया गया कि प्रदेश के युवाओं को अधिक से अधिक विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से एवं उद्योग व्यापार संबंधित जानकारी उपलब्ध कराकर, अपना उद्योग एवं व्यापार करने के लिए प्रेरित किया जा सके। बैठक में मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन के संस्थापक महासचिव गर्ग ने बताया की, राजस्थानियों का विश्व का सबसे बड़ा सोशल एंड बिजनेस नेटवर्किंग डिजिटल प्लेटफॉर्म मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन है वर्तमान में 46 देश के एवं भारत के लगभग सभी प्रदेशों एवं राजस्थान की सभी जिलों से 10,000 से ज्यादा सदस्य इस संस्था से जुड़ चुके हैं एवं देश विदेश में 600 से अधिक स्थानों से इस संस्था में सदस्य जुड़े हुए हैं 7 देश विदेश की 250 से अधिक कंपनियों के मुख्य पदाधिकारी इस संस्था से जुड़े हुए हैं, उनके सहयोग से प्रदेश के युवाओं को उद्योग एवं व्यापार की बारीकियां समझाइए जा सकती है एवं प्रदेश को युवाओं को अधिक से अधिक अपना व्यापार करने के लिए प्रेरित किया जा सकता है।

एमआईएफ युवा विंग के अध्यक्ष सीए विष्णु अग्रवाल ने बताया कि, युवा विंग में पहले फेस में अधिकांश प्रोफेशनल लोगों को जोड़ा गया है जो उद्योग व्यापार की बारीकियां एवं कानून को समझते हैं, युवा विंग के माध्यम से पूरे प्रदेश के सभी जिलों में प्रोफेशनल लोगों की टीम बनाकर स्कूल एवं कॉलेज स्तर पर राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की स्टार्टअप से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर युवाओं को अधिक से अधिक अपना व्यापार करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

इस अवसर पर पर सीए हिना अग्रवाल बताया कि, मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन के सीएक्सो वर्टिकल के पदाधिकारी युवा उद्यमियों एवं मारवाड़ी उद्यमियों के बीच एक सेतु का काम करेंगे एवं युवा उद्यमियों को अपना व्यापार लगाने से संबंधित तकनीकी, वित्तीय, मार्केटिंग एवं अन्य जानकारियां समय-समय पर कार्यशाला के माध्यम से उपलब्ध कराएंगे, जिससे युवा उद्यमियों में अपने व्यापार को लेकर विभिन्न भ्रांतियां का समाधान हो सके एवं वह अपना व्यवसाय करने के लिए प्रेरित हो सके। इस प्रकार मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन मारवाड़ी उद्यमियों एवं युवा उद्यमियों के बीच एक सेतु के रूप में भी काम करेगा7

संस्था के पदाधिकारीयो यह भी बताया कि, युवाओं को अधिक से अधिक उद्योग व्यापार में लाने से प्रदेश के आर्थिक विकास में मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन के द्वारा सहयोग किया जाएगा एवं अधिक से अधिक युवाओं को उद्योगों व्यापार लगाने से प्रदेश में अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

इस अवसर पर सीए मेरी जैन, सीए पुष्पेंद्र भारद्वाज, सीए विजय सोनी, सीए हिना अग्रवाल, सीए तुषार अग्रवाल, सीए सपना शर्मा, सीए देवेश गुप्ता, सीए अमित, सीए गुरु , सीए विष्णु संगी, सीए नितेश अग्रवाल, सीए आशीष ठाणे, सीए पूर्व कोठारी, सीए नितिन मित्तल एवं सीए अमित खंडेलवाल ने भी उद्योग व्यापार समृद्धि अपने विचार रखे एवं आने वाले समय में युवा उद्यमियों को अधिक से अधिक वित्तीय एवं कानूनी जानकारी उपलब्ध कराए जाने संबंधित कार्य योजना बनाने में अपना सहयोग दिया।

## विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

धौलपुर। 132 केवी जीएसएस मनिया पर मरम्मत व रखरखाव कार्य होने के कारण 20 फरवरी को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियन्ता 132 केवी जीएसएस मनियां आरके शर्मा ने बताया कि 20 फरवरी को 33 केवी मनियां फीडर की प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा 33 केवी बगचोली फीडर की दोपहर 1 बजे से दोपहर 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।



## शहर के चार और उपखंड के 22 परीक्षा केन्द्रों पर आठवीं की परीक्षा शुरू

**बाड़ी।** धौलपुर डाइट द्वारा गुरुवार से आठवीं बोर्ड की परीक्षा शुरू कराई गई है। पहले दिन अंग्रेजी विषय का पेपर हुआ है। शहर के चार सेंटरों पर 1800 से अधिक बच्चों ने परीक्षा दी है। उपखंड में 22 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें 5285 बच्चों को परीक्षा के लिए नामांकित किया है।

बाड़ी ब्लॉक शिक्षा विभाग के आरपी सुरेश भारद्वाज ने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र को लेकर यह परीक्षा आयोजित की जाती है। जो पहली बार फरवरी महीने में 19 फरवरी से 4 मार्च तक आयोजित हो रही है। आज गुरुवार को पहला पेपर अंग्रेजी विषय का हुआ है। परीक्षा का आयोजन 1: 30 बजे से 4 बजे तक किया गया है।

आरपी सुरेश भारद्वाज ने बताया कि परीक्षा के लिए शहर में गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल,बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल किला के साथ निजी क्षेत्र के अग्रसेन विद्यापीठ स्कूल और आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में परीक्षा केंद्र रखा गया है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में गढ़ी खिराना,बसई डांग,सेवर पाली,कुदिन्ना, खानपुर मीना,महात्मा गांधी अब्दलपुर,टोटरी,सुनीपुर, चिलाचोंद,महुआ खेड़ा और सिंगोरई,सीनियर सेकेंडरी स्कूल में परीक्षा केंद्र बनाए गए है।

# तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो ने सड़क किनारे खड़ी महिलाओं और बच्चों को टक्कर मारी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिले के सदर थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक सड़क हादसे में चार महिलाएं और दो बच्चे घायल हो गए। यह घटना नैनोकर गांव के पास हुई, जब एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो ने सड़क किनारे खड़ी महिलाओं और बच्चों को टक्कर मार दी।जानकारी के अनुसार गांव में एक शादी समारोह चल रहा था। दूल्हे की निकासी के बाद घर के बाहर महिलाएं पारंपरिक रस्म के तहत दूल्हे को आंचल देने की तैयारी कर रही थीं। इसी दौरान अचानक तेज गति से आई बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी महिलाओं की ओर मुड़ गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि कई लोग जमीन पर गिर पड़े। घायलों में लक्ष्मी (12) पुत्री भगवान दास, मलकपटनी (38) पत्नी छोटेलाल, ओमवती (27) पत्नी सतीश और पूनम (12) पुत्री महेश कुशवाहा शामिल है। इनके अतिरिक्त दो अन्य महिलाएं भी चोटिल हुई हैं।

स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को एंबुलेंस और निजी वाहनों की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां उनका उपचार जारी है। कुछ घायलों को बेहतर इलाज के लिए निजी चिकित्सालय में भी भर्ती कराया गया है।

इस घटना से गांव में शादी की खुशियों का माहौल प्रभावित हुआ। ग्रामीणों ने प्रशासन से तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


धौलपुर...हादसे में घायल महिला अस्पताल में भर्ती

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक - चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए आकाशदीप प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स, सेक्टर 11 अग्रवाल फार्म, जयपुर (राज.) राजस्थान से मुद्रित एवं जी-१, गंगासागर अपार्टमेंट, बी-192, गंगासागर कॉलोनी, आम्रपाली मेन रोड, वैशाली नगर जयपुर (राज.) से प्रकाशित आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2013/48948
प्रधान सम्पादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे मोबा. 9425126060 । स्थानीय संपादक गौतम गोस्वामी मोबा. 9772455444, : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेवार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर न्यायालय होगा।